


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष - 13, अंक - 112 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, रविवार 6 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

दुनिया पर छाया यंगिस्तानः पांचवीं बार अंडर-19 वर्ल्ड कप पर कब्जा

# धोनी स्टाइल में छक्का लगाकर जीता फाइनल




### आलराउंडर राज बावा टीम इंडिया की जीत के हीरो रहे। उन्हें मैन आफ द मैच भी चुना गया

**एंटीगुआ ( एजेंसी )।** भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने दुनिया फतह कर ली है। शनिवार को खेले गए अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में टीम इंडिया के शेरों ने इंग्लैंड को धूल चटा दी। फाइनल मैच देखने के बाद 2011 में धोनी की विश्वकप जीत की याद ताजा हो गई। अंडर-19 के युवा बल्लेबाज दिनेश बाना ने छक्का लगाकर भारत को विश्वकप के फाइनल में जीत दिलाई।

आलंराउंडर राज बावा टीम इंडिया की जीत के हीरो रहे। उन्होंने गेंद व बल्ले दोनों से कमाल किया। गेंदबाजी करते हुए राज बावा ने पहले 31 रन देकर इंग्लैंड के पांच खिलाड़ियों को आउट किया। वहीं जब बल्लेबाजी करने आए तो मुश्किल समय में 34 रनों की पारी खेलकर टीम की जीत सुनिश्चत की। राज बावा के इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजा गया। फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। इंग्लैंड की पूरी टीम 44.5 ओवर में 189 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की ओर से जेम्स रोव ने 95 रनों की शानदार पारी खेली। वे शतक की ओर बढ़ ही रहे थे कि टीम इंडिया के तेज गेंदबाज रवि कुमार ने उन्हें आउट किया। इसके अलावा इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज खास पारी नहीं खेल सका। टीम इंडिया की ओर से राजबावा के अलावा रवि कुमार ने 4 विकेट व कौशल तांबे ने एक विकेट लिया।

190 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को जीत के लिए पूरे 47.4 ओवर खेलने पड़े। भारतीय टीम ने 47.4 ओवर में 195 रन बनाकर फाइनल जीता। भारत की ओर से उपकप्तान शेख रशीद ने अर्धशतक बनाया। वहीं हरनूर ने 21 रन बनाए। कप्तान धुल 32 गेंदों पर 17 रन बना सके। टॉप आर्डर के आउट होने के बाद ऑल राउंडर राज बाबा ने 34 रनों की पारी खेली। इसके अलावा निशांत सिंधु ने नाबाद 50 रन बनाए। भारत को जब जीत के लिए केवल 1 रन की जरूरत थी तो उस समय दिनेश बना ने सिक्स लगाकर मैच भारत के पाले में किया। अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम अजेय रही। पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने एक भी मैच नहीं गंवाया। पहले मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को हराया। उसके बाद आयरलैंड , युगांडा व बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को मात दी। फाइनल में इंग्लैंड को हराकर पांचवी बार विश्व कप जीता । इससे पहले भारतीय टीम ने 2000, 2008, 2012 और 2018 में भी अंडर-19 वर्ल्ड कप जीता था।

### भारतीय खिलाड़ियों को 40 लाख का इनाम

अंडर-19 विश्व कप जीतने वाले हर एक खिलाड़ी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) 40 लाख रुपये का इनाम देगा। वहीं, हर एक सपोर्ट स्टाफ को 25 लाख रुपये मिलेंगे। इस टूर्नामेंट में ऋषिकेश कानितकर भारतीय टीम के हेड कोच रहे। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा- मुझे यह इनाम देते हुए बेहद खुशी हो रही है। फाइनल में टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। आपने भारत को गर्व महसूस करने का मौका दिया है।

### हमें अपने युवा खिलाड़ियों पर गर्व- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने खिलाड़ियों को जीत की बधाई देते हुए ट्वीट कर कहा, 'हमें अपने युवा खिलाड़ियों पर गर्व है। हम उन्हें अंडर 19 वर्ल्ड कप जीतकर लाने की बधाई देते हैं। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में कमाल का प्रदर्शन किया। उनका दिल जीत लेने वाला प्रदर्शन ये दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित और उज्जवल हाथों में है।'

### सहवाग सहित कई क्रिकेटरों ने युवाओं को किया सलाम

पीएम मोदी के अलावा देश विदेश के कई क्रिकेटरों ने भी वर्ल्ड कप जीतने पर भारत की अंडर 19 टीम को सलाम किया है। पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सह?वाग ने लिखा, 'यहां जलवा है हमारा। पांचवीं बार चैंपियन बनने के लिए टीम को बहुत बहुत बधाई। हर किसी ने शानदार योगदान दिया। इस पल को एन्जॉय कीजिए।'

अलविदा सुरो की मल्लिकाः भारत रत्न लता मंगेशकर का निधन, दो दिन का राष्ट्रीय शोक

# राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

**मुबंई ( एजेंसी )।** भारत रत्न स्वर कोकिला के नाम से प्रसिद्ध पार्श्व गायिका लता मंगेशकर का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आज सुबह 8:12 बजे अंतिम सांस ली। लता मंगेशकर के निधन पर देश भर में शोक की लहर छा गई है। फिल्मी हस्तियों से लेकर कला जगत व राजनीतिज्ञों ने लता मंगेशकर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। लता मंगेशकर के निधन पर 2 दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। वहीं उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

बता दें कोरोना पॉजिटिव आने के बाद लता मंगेशकर को बीते 8 जनवरी को मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। तब से लेकर अब तक उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा था। बीच में उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ लेकिन शनिवार को एक बार फिर उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई। उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया। इसके बाद से ही देश भर में उनके स्वस्थ होने की कामना की जा रही थी। 29 दिन से जिंदगी की जंग लड़ने वाली लता मंगेशकर ने रविवार सुबह 8:12 पर अंतिम सांस ली।

### 36 भाषाओं में 50 हजार से ज्यादा गाने

92 साल की लता मंगेशकर देश के लिए अनमोल रत्न थी। उन्होंने 36 भाषाओं में 50 हजार से भी ज्यादा गाने गाए। एक गायक के तौर पर लता मंगेशकर का सफर यादगार रहा 1942 में शुरू हुआ उनका सफर 2015 तक चला उन्होंने अपना आखिरी गाना 2015 मेगा या इस दौरान लता मंगेशकर लगभग 80 सालों तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ी लता मंगेशकर 13 साल की छोटी सी उम्र से ही गाना शुरू कर दिया था इनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सहित सभी केंद्रीय मंत्रियों व सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है




### राष्ट्रपति कोविंद व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया शोक

लता मंगेशकर के निधन पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरी संवेदना जताई है। राष्टपति रामनाथ कोविंद ने कहा सदियों में एक बार ही ऐसे कलाकार का जन्म होता है। लता-दीदी एक असाधारण इंसान थीं उनकी दिव्य आवाज हमेशा के लिए शांत हो गई है। लेकिन उनकी धुन अमर रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं शब्दों से परे पीड़ा में हूं। लता दीदी हमें छोड़कर चली गई हैं। वह हमारे देश में एक खालीपन छोड़ गई हैं, जिसे भरा नहीं जा सकता। आने वाली पीढ़ियां उन्हें भारतीय संस्कृति के एक दिग्गज के रूप में याद रखेंगी, जिनकी सुरीली आवाज में लोगों को मंत्रमुग्ध करने की अद्वितीय क्षमता थी।

### शिवाजी पार्क में रखा जाएगा पार्थिव देह

गायिका लता मंगेशकर का पार्थिव शरीर सबसे पहले उनके घर लाया जाएगा। जहां 12 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक अंतिम दर्शनों के लिए उनका पार्थिव देह रखा जाएगा। शिवाजी पार्क के पार्थिव देह को अंतिम दर्शनों के लिए रखा जाएगा। इस दौरान यहां सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसके बाद शिवाजी पार्क में उन्हें राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी।

### दो दिन का राजकीय शोक घोषित

भारत रत्न लता मंगेशकर के निधन पर भारत सरकार द्वारा दो दिवस का राजकीय शोक घोषित किया गया है । राजकीय शोक की अवधि में राज्य स्थित समस्त शासकीय भवनों और जंहा पर नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाते हैं, वंहा पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे तथा शासकीय स्तर पर कोई मनोरंजन/सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं किये जायेंगे। राजकीय शोक के कारण राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आज शाम किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे।

### राहुल गांधी ने जताई संवेदना

लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने लता मंगेशकर के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि वह कई दशकों तक भारत की सबसे प्रिय आवाज बनी रहीं। उनकी सुनहरी आवाज अमर है और उनके प्रशंसकों के दिलों में गूंजती रहेगी। उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

### भूपेश बघेल ने कहा कला जगत के लिए अपूरनीय क्षति

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' आदरणीया लता मंगेशकर जी का निधन बेहद दु:खद और सम्पूर्ण कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और शोकसंतप्त परिवारजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि सुश्री लता मंगेशकर जी के गाये मधुर गीत हमेशा लोगों के दिलों में बसे रहेंगे। उनकी आवाज़ ही उनकी पहचान है, जो कभी खो नहीं सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुश्री लता मंगेशकर जी ने 30 से ज्यादा भाषाओं में गीत गाए, उनके निधन से भारत ने आज एक रत्न खो दिया है।

**किराये से देना है**
15x20 डबल स्टोरी
दुकान किराये से देना है।
संपर्क :- 99933-16015
किराया - 8000 से 10000 मात्र
हाइवे पेट्रोल पंप के सामने
दुर्गा मंदिर के बाजू में
जनता मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

## खास-खबर




### भारत रत्न लता मंगेशकर के निधन पर छत्तीसगढ़ में दो दिन का राजकीय शोक घोषित

साइंस कॉलेज मैदान में आज शाम किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे

**रायपुर।** भारत रत्न लता मंगेशकर जी के निधन पर भारत सरकार द्वारा दो दिवस (दिनांक 06 फरवरी 2022 से दिनांक 07 फरवरी 2022 तक) का राजकीय शोक घोषित किया गया है । राजकीय शोक की अवधि में राज्य स्थित समस्त शासकीय भवनों और जंहा पर नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाते हैं, वंहा पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे तथा शासकीय स्तर पर कोई मनोरंजन/सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं किये जायेंगे। राजकीय शोक के कारण राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आज शाम किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे।

## चार लोगों से 4.5 करोड़ का सोना बरामद, पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**बरेली ( एजेंसी )।** बरेली के सीबीगंज थाना क्षेत्र में रविवार को तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने साढ़े चार करोड़ रुपये का सोना बरामद किया है। इसके साथ पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। बरेली पुलिस ने यह जानकारी दी।



पुलिस ने बताया कि सीबीगंज थाने की परसाखेड़ा चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान झुमका तिराहा से एक कार से करीब साढे चार करोड़ रुपये का सोना पकड़ा गया है। कार में पश्चिम बंगाल के तीन और एक नेपाल का नागरिक सवार था। वे लोग सोने से जुड़ा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने चारों कार सवार और सोने को कब्जे में ले लिया है।

बताया जा रहा है कि वे लोग अलमगीरीगंज के किसी सर्राफ को यह सोना सप्लाई करने आए थे। मामले की सूचना पर प्रेक्षक और आयकर विभाग की टीम भी पहुंच गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## अब निजी संस्थानों में 50 फीसदी सीटों की फीस सरकारी मेडिकल कॉलेज के बराबर होगी, एनएमसी का निर्देश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने फैसला किया है कि अब निजी मेडिकल कॉलेजों और डीम्ड विश्वविद्यालयों में 50 फीसदी सीटों की फीस संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सरकारी मेडिकल कॉलेजों के बराबर होगी। एनएमसी द्वारा जारी किए गए ज्ञापन में कहा गया है कि इस शुल्क में छूट का लाभ पहले उन उम्मीदवारों को मिलेगा जिन्होंने सरकारी कोटे की सीटों का लाभ उठाया है, लेकिन संबंधित संस्थान की कुल क्षमता के 50 फीसदी सीटों तक ही सीमित हैं।



हालांकि, ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि अगर संबंधित संस्थान में सरकारी कोटे की सीट कुल सीटों के 50 फीसदी से कम हैं तो ऐसी स्थिति में बाकी के उम्मीदवारों को भी सरकारी मेडिकल कॉलेज के बराबर ही शुल्क का भुगतान करना पड़ेगा। छात्रों को यह लाभ मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने यह फैसला एनएमसी अधिनियम, 2019 की धारा 10(1)(i) के तहत किया है। इस धारा के अनुसार एनएमसी का पैनल निजी चिकित्सा संस्थानों और डीम्ड विश्वविद्यालयों में 50 फीसदी सीटों के लिए शुल्क निर्धारित करने के लिए दिशा-निर्देशों को तैयार करेगा। केंद्र सरकार ने तत्कालीन एमसीआई (मेडिकल कमीशन ऑफ इंडिया) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स से संस्थानों के शुल्क से जुड़ें दिशा-निर्देशों को तैयार करने का अनुरोध किया था।

### विशेषज्ञ समिति का गठन

इसके बाद 23 नवंबर, 2019 को बोर्ड ऑफगवर्नर्स (बीओजी) और एमसीआई (मेडिकल कमीशन ऑफइंडिया) और आगे जाकर एनएमसी की ओर से एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। इस विशेषज्ञ समिति ने एमबीबीएस और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए शुल्क और निजी मेडिकल कॉलेजों और डीम्ड विश्वविद्यालयों के लिए अन्य शुल्क के निर्धारण के लिए 26 दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए सिफारिश की थी।

## देश में सामने आए 1.07 लाख मरीज, सक्रिय मामले घट कर 12.15 लाख पर पहुंचे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के एक लाख सात हजार 474 नए मामले दर्ज किए गए जिसके बाद कोरोना के कुल मामलों की संख्या चार करोड़ 21 लाख 88 हजार 138 हो गई है। वहीं, कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या कम होकर 12 लाख 25 हजार 11 हो गई है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार की सुबह जारी आंकड़ों में दी गई। सुबह आठ बजे अपडेट किए गए डाटा के अनुसार पिछले 24 घंटों में 865 कोरोना मरीजों की मौत हुई। देश में इस बीमारी के चलते जान गंवाने वालों की कुल संख्या अब पांच लाख एक हजार 979 हो गई है।



### कुल मामलों के मुकाबले सक्रिय मरीजों की संख्या 2.90 फीसदी

मंत्रालय ने कहा कि कोरोना के कुल मामलों के मुकाबले सक्रिय मामले 2.90 फीसदी हैं। कोरोना से ठीक होने की राष्ट्रीय दर अब बेहतर होकर 95.91 फीसदी हो गई है। पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामलों की संख्या में एक लाख छह हजार 637 की कमी आई है। मंत्रालय ने बताया कि देश में कोरोना वायरस की दैनिक सकारात्मकता दर 7.42 फीसदी दर्ज की गई है जबकि साप्ताहिक सकारात्मकता दर 10.20 फीसदी पर है। इसके अलावा इस जानलेवा बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या अब बढ़ कर चार करोड़ चार लाख 61 हजार 148 पर पहुंच गई है। मृत्यु दर 1.19 फीसदी पर है।

### 865 मृतकों में से केवल केरल से रहे 444 कोरोना संक्रमित मरीज

पिछले 24 घंटों में जान गंवाने वाले कोरोना संक्रमितों में 444 मरीज केरल के और 68 मरीज महाराष्ट्र के थे। महाराष्ट्र में अब तक कोरोना से एक लाख 43 हजार आठ लोगों की मौत हो चुकी है वहीं केरल में यह आंकड़ा 57,740 है।

### छत्तीसगढ़ में मिले 1764 नए केस, 14 की मौत, संक्रमण दर 5.24 फीसदी

छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के लिहाज से शनिवार का दिन राहत भरा रहा। शनिवार को प्रदेश में 2000 से भी कम नए मामले दर्ज किए गए। शनिवार को प्रदेश में कुल 33 हजार 652 सैंपलों की जांच की गई। जिसमें 1764 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। इस दौरान संक्रमण दर 5.24 फीसदी रही। वहीं शनिवार को कोरोना के कारण 14 लोगों की मौत हो गई। इनमें 6 मरीजों की मौत का कारण कोरोना रहा। वहीं शेष 8 लागों में दूसरी गंभीर बीमारियां थी।

## कांग्रेस की विधायक पति को एसपी कार्यालय ले गईं, बोलीं- 'लो इन्हें गिरफ्तार कर लो', और हो गई जेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ कांग्रेस की विधायक छन्नी साहू अपने पति के खिलाफ केस दर्ज होने व विपक्षी भाजपा द्वारा उन्हें गिरफ्तार करने की मांग से भड़क उठीं। गुस्साईं विधायक ने सुरक्षा व सरकारी वाहन लौटा दिया। वह खुद अपने पति को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचीं और कहा- 'लो इन्हें गिरफ्तार कर लो'। पति को गिरफ्तार कराने के बाद विधायक स्कूटी से घर लौट गईं।

यह रोचक व सियासी घटना छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में शनिवार को हुई। जिले के खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक छन्नी साहू के पति चंदू साहू के खिलाफ एक ड्राइवर ने अजा-जजा अत्याचार निरोधक कानून के तहत केस दर्ज कराया है। इससे नाराज विधायक साहू ने अपने सुरक्षा गार्ड, तीन पीएसओ व सरकारी वाहन को लौटा दिया। इसके बाद वह पति चंदू साहू को लेकर सीधे एसपी आफिस पहुंच गईं। वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों से विधायक ने कहा, 'मैं अपने पति को लेकर आई हूं, इन्हें गिरफ्तार कर लो। इन पर केस दर्ज है।' इसके बाद पुलिस ने आरोपी चंदू साहू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने साहू को जेल भेज दिया।

यह मामला रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का है। इस मामले में रेत के अवैध परिवहन को लेकर विधायक पति और एक ट्रैक्टर ड्राइवर के बीच दो माह पहले विवाद हआ था। जिसके बाद ड्राइवर बीरसिंग उइके ने गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए अजा-जजा थाना में विधायक पति चंदू साहू के खिलाफशिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने विधायक पति के खिलाफ अजा-जजा अत्याचार निरोधक कानून के तहत अपराध दर्ज किया था।



### विधायक ने लगाया पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप

विधायक छन्नी साहू ने पति के खिलाफ राजनांदगांव जिला व पुलिस प्रशासन पर एकपक्षीय कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। इसके विरोध स्वरूप ही उन्होंने शासन से मिली सुरक्षा लौटा दी। विधायक छन्नी ने कहा कि खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ढाई लाख लोगों ने उन्हें विधायक बनाया है। अब वह बिना किसी पीएसओ और फॉलो गार्ड के ही दोपहिया वाहन से क्षेत्र की जनता के बीच जाएंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने का निर्देश दिया है। उनके पति चंदू साहू ने रेत के अवैध परिवहन को लेकर आवाज उठाई, लेकिन पुलिस प्रशाासन ने उनके पति के खिलाफही कार्रवाई कर दी।

## संपादकीय

# ई-रुपये पर जल्दबाजी ना करें

इधर, दुनिया के कई देशों में केंद्रीय बैंक डिजिटल करंसी को लेकर प्रयोग कर रहे हैं। इनमें चीन, जापान और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं। बहामाज और नाइजीरिया ने तो अपने सीबीडीसी लॉन्च भी कर दिए हैं। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर सीबीडीसी के फायदे और नुकसान को लेकर बहस भी चल रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल रुपये से फाइनैंशल टेक्नॉलजी की दुनिया में बड़े बदलाव आएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति ई-रुपया के बदले कैश यानी नकदी हासिल कर सकेगा। डिजिटल करंसी से नोटों की छपाई, प्रबंधन और लाने ले जाने पर जो खर्च होता है, उसमें भी बचत होगी। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा था कि अगले वित्त वर्ष में रिजर्व बैंक डिजिटल रुपया लाएगा। वैसे, यह कोई नया प्रस्ताव नहीं है। 2017 में सरकार की एक उच्चस्तरीय समिति ने भी रिजर्व बैंक को सेंटल बैंक डिजिटल करंसी (सीबीडीसी) लाने का सुझाव दिया था। इधर, दुनिया के कई देशों में केंद्रीय बैंक डिजिटल करंसी को लेकर प्रयोग कर रहे हैं। इनमें चीन, जापान और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं। बहामाज और नाइजीरिया ने तो अपने सीबीडीसी लॉन्च भी कर दिए हैं। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर सीबीडीसी के फायदे और नुकसान को लेकर बहस भी चल रही है। इसका सबसे बड़ा फायदा तो यही है कि लोगों को पेमेंट का सस्ता जरिया मिलेगा। उन लोगों को खासतौर पर फायदा होगा, जिनकी पहुंच बैंकों तक नहीं है। दूसरा लाभ यह है कि इससे काले धन पर रोक लगेगी। डिजिटल पेमेंट को ट्रैक किया जा सकता है। इसलिए उसे टैक्स के दायरे में लाने में मदद मिलेगी। सरकार सीबीडीसी डिजिटल वॉलेट का इस्तेमाल डायरेक्ट ट्रांसफर के लिए भी कर सकती है। इन फायदों के साथ डिजिटल रुपये को लेकर कई सवाल भी हैं। पहला सवाल तो यही है कि अगर रिजर्व बैंक ऐसी करंसी लाता है तो क्या निजी क्षेत्र की पेमेंट कंपनियां उससे मुकाबला कर पाएंगी क्योंकि लोग सीबीडीसी पर अधिक भरोसा जताएंगे? भारत में इधर निजी क्षेत्र में पेमेंट इनोवेशन तेजी से हुए हैं। सरकार ने यूपीआई के जरिये उन्हें एक अहम प्लैटफॉर्म मुहैया कराया है। डिजिटल रुपये को लेकर रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करना होगा कि उससे निजी फाइनैंशल टेक्नॉलजी सेग्मेंट पर असर ना हो। दूसरा सवाल यह कि अगर सीबीडीसी एकाउंट्स को बैंक खातों से सुरक्षित माना गया तो बैंकों में डिपॉजिट पर बुरा असर पड़ेगा। इससे मौद्रिक नीति भी प्रभावित हो सकती है, जो केंद्रीय बैंक का मुख्य काम है। रिजर्व बैंक और सरकार को इसका जवाब भी तलाशना होगा।

> “ आरबीआई ने दिसंबर 2018 से जनवरी 2019 के बीच 6 शहरों में रिटेल पेमेंट को लेकर सर्वे किया था। इससे पता चला कि 500 रुपये तक का भुगतान लोग नकद में करना पसंद करते हैं, वहीं ऊंची रकम के लिए डिजिटल माध्यम को तेजी से अपनाया जा रहा है। पिछले पांच साल में डिजिटल पेमेंट में 50 फीसदी से अधिक की रफ्तार से बढ़ोतरी हो रही है। ऐसी स्थिति में सीबीडीसी लाने का मकसद क्या है, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। साथ ही, इसे लाने से पहले सारे पहलुओं पर गौर करना चाहिए। इसमें कोई जल्दबाजी नहीं की जानी चाहिए।

देश में अभी ऐसा डिजिटल रिटेल पेमेंट सिस्टम है, जो दिन-रात काम करता है। आरबीआई ने दिसंबर 2018 से जनवरी 2019 के बीच 6 शहरों में रिटेल पेमेंट को लेकर सर्वे किया था। इससे पता चला कि 500 रुपये तक का भुगतान लोग नकद में करना पसंद करते हैं, वहीं ऊंची रकम के लिए डिजिटल माध्यम को तेजी से अपनाया जा रहा है। पिछले पांच साल में डिजिटल पेमेंट में 50 फीसदी से अधिक की रफ्तार से बढ़ोतरी हो रही है। ऐसी स्थिति में सीबीडीसी लाने का मकसद क्या है, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। साथ ही, इसे लाने से पहले सारे पहलुओं पर गौर करना चाहिए। इसमें कोई जल्दबाजी नहीं की जानी चाहिए।

> “ इस सारे हंगामे से परे सुकूनदेह बात यह थी कि हमें उन तमाम जगहों पर हरी-भरी फसल दिखाई पड़ी, जो कभी बंजर हुआ करती थी। मैनपुरी जिले में उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक बंजर जमीन होती थी, जिसे सिंचित करने का काम 2007 से शुरू हुआ। आज नतीजा सामने है। यही नहीं, गांवों के अंदर अच्छी सड़कें और बाहरी हिस्सों में चौड़े राजमार्ग देखकर लगा कि कम से कम तीन मुख्यमंत्रियों ने जनहित के कुछ काम निरंतर किए।

शशि शेखर

# जर्जर तिपाई पर हमारा लोकतंत्र

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चुनावी सफर पर निकलते वक्त सोचा था कि मैं अपने पाठकों को महज दलीय दलदल और जातियों के गठजोड़ की कहानियां नहीं सुनाऊंगा। लेकिन उन मुद्दों को आप तक पहुंचाने की कोशिश रहेगी, जहां पहुंचने से पहले हमारा लोकतंत्र रास्ता बदल लेता है। इन मसलों पर गहरी सियासी और सामाजिक बहस की जरूरत है।

बात मथुरा से शुरू करता हूं। उत्तर भारत के कम से कम तीन शहर ऐसे हैं, जो मुझे एक-दूसरे के सहोदर लगते हैं- अमृतसर, मथुरा और वाराणसी। तीनों ही शहरों में पुरानापन है, धार्मिकता है। परंपरा और आधुनिकता का द्वैत है, तो तलछट में छिपी कुछ तल्ख सच्चाइयां भी हैं। वृंदावन की माओं की कुछ कहानियां आपको पिछले एक लेख में सुना चुका हूं। अब यह क्रुर परंपरा शिथिल हो चली है, फिर भी उसके अवशेष इन माओं की झुर्रियों में किसी महागाथा की भांति छिपे हुए हैं। एक जमाने में चलन था कि विधवा होते ही महिलाओं को काशी अथवा मथुरा भेज दिया जाता था। उन्हें आम औरतों की तरह जीने की आजादी नहीं होती। एक 'मां' ने बताया कि पचास साल पहले जब मैं वृंदावन आई थी, तब कोई सहारा न था। सुबह साढ़े तीन बजे उठकर नहाती-धोती और मंदिरों में भजन गाती। वहां सुबह का खाना हो जाता और कुछ पैसे मिल जाते। हर रोज शाम का भोजन एक समूचा पहाड़ चढ़ने और उतरने की चुनौती की तरह होता। स्वयंसेवी संस्थाओं और सुप्रीम कोर्ट की कृपा से इनकी जिंदगी की दुश्वारियां कुछ कम हुई हैं, पर कुछ लोगों की बदहाली कभी जाती नहीं। ये 'माएं' उसी अभागी रवायत की अगली कड़ी हैं।

इस चुनाव में आप महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के कल्याण पर कोई बहस नहीं सुनते होंगे। क्या हमारा लोकतंत्र सिर्फ जातियों, मजहबों और क्षेत्रों के विभाजन की जर्जर तिपाई पर आ बैठा है?

इस सवाल से जूझता हुआ कृष्ण जन्म-स्थान आ पहुंचा। मंदिर और मस्जिद संगीनों के साये में आबाद हैं। पुलिस और अर्द्धसैनिक बल वहां हर आने-जाने वाले पर नजर रखते हैं। 'परिंदा तक पर न मार सके' वाले सुरक्षा-बंदोबस्त भी विचारों के टकराव नहीं रोक सकते। यहीं मिले श्रीकृष्ण जन्मस्थान ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी और शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के सदस्य एडवोकेट तनवीर अहमद। हमारी यह मुलाकात शांति धर्मशाला की छत पर हुई। पीछे मंदिर का स्तूप और मस्जिद का गुंबद साथ खड़े नजर आ रहे थे। पिछले साढ़े तीन सौ सालों से वे वहीं स्थिर हैं। इस दौरान न जाने कितने मौसम आए और चले गए। क्या इस बार कोई अनोखा मौसम इनके दरवाजे खटखटा रहा है? यह जानने की कोशिश इसलिए जरूरी थी, क्योंकि उत्तर प्रदेश के चुनाव में अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की भी आमद दर्ज हो चुकी है।




गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी बेहद आक्रामक थे। उन्होंने कहा कि इस मस्जिद की जमीन के मालिक हम हैं और हम ही इसको मुक्त कराएंगे। तनवीर साहब स्वभाव से संयत लगे। शायद वकालत के पेशे ने उन्हें तार्किकता सिखा दी है। वह तर्क देते रहे कि इस मस्जिद पर हमारा कानूनी हक है, पर बात सुलझी नहीं। कुछ विवाद आसानी से विदा नहीं होते। बरसों पहले 1980 के दशक में अयोध्या-आंदोलन को जब आंच दी जा रही थी, तब भी बहुत से लोगों को लगा था कि यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। इस सोच का नतीजा क्या निकला, हम सब जानते हैं।

मथुरा में भी अभी कोई सनसनाहट सतह पर नहीं दिखाई देती। राधा रानी आज भी मुस्लिम कारीगर के हाथ के सिले कपड़े पहनती हैं, पूजन की तमाम सामग्रियां मुस्लिम कारीगरों के हाथों से गुजरती हैं। दोनों समुदायों में बहुत कुछ साझा है। अयोध्या में आज भी ऐसा है। वहां अंगारे लाने वाले ज्यादातर लोग बाहर से आए थे। क्या मथुरा को भी ऐसे ही धीमे-धीमे सुलगाया जाएगा? इस प्रश्न का फिलहाल उत्तर देना मुमकिन नहीं है।

मैंने यह सवाल सिविल सोसायटी के कुछ जाने-पहचाने चेहरों से किया। कुछ का साफ मानना था कि माहौल को बदलने की कोशिश हो रही है। इससे हम लोग आशंकित हैं। मुझे इस धर्म नगरी से विदा होते समय इस बात का रंज था कि चुनाव से एक हफ्ते पहले भी मथुरा के लोग मथुरा के मुद्दों पर बहस नहीं कर रहे।

यही हाल आगरा का है। आगरा को दो ही वजहों से जाना जाता है- ताजमहल और पेठा। ताज की चर्चा तो बहुत हो गई, पेठे का हाल जानने के लिए नूरी दरवाजा पहुंचा। यह कारोबार अब आधे से भी कम रह गया है। यहीं रहकर भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव ने 'सेंट्रल असेंबली' में बम फोड़ने की योजना बनाई थी। किसी राजनेता ने इसे प्रेरणा स्थल बनाने की नहीं सोची। आगरा में यह बहस तो पुरगर्म है कि किस सीट से कौन जीत सकता है, पर यह चर्चा कहीं नहीं है कि जीतने और हारने वाले इस शहर के लिए क्या करेंगे?

बेरौनक होते बाजार, बदहाल मध्यवर्ग और 21वीं सदी से तालमेल के लिए बेकरार इस ऐतिहासिक शहर के युवा बहस से बाहर क्यों हैं? इस बेरुखी की वजह सिर्फ राजनेता नहीं हैं। आम मतदाता ने भी खुद को चालू सियासी मुहावरों में ढाल लिया है। वे अगर वोट मांगने आने वालों से वायदों और दावों का हिसाब मांगने लग जाएं, तो तस्वीर का रुख पलट जाएगा।

यह उदासी कुछ हद तक मैनपुरी जिले में दूर हुई। यहां के करहल चुनाव क्षेत्र से अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने उनके मुकाबले केंद्रीय विधि राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल को उतारा है। बघेल कभी समाजवादी पार्टी के सिपहसालार हुआ करते थे। समाजवादी पार्टी के लोग कहते हैं कि अखिलेश किसी भी मुकाबले से परे हैं। हम तो यह चुनाव सिर्फ नया रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए लड़ रहे हैं। एस पी सिंह बघेल इस पर चुटकी लेते हुए कहते हैं कि यह सच है, कीर्तिमान स्थापित होगा, लेकिन वह समाजवादी पार्टी की पराजय का होगा। इस सारे हंगामे से परे सुकूनदेह बात यह थी कि हमें उन तमाम जगहों पर हरी-भरी फसल दिखाई पड़ी, जो कभी बंजर हुआ करती थी। मैनपुरी जिले में उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक बंजर जमीन होती थी, जिसे सिंचित करने का काम 2007 से शुरू हुआ। आज नतीजा सामने है। यही नहीं, गांवों के अंदर अच्छी सड़कें और बाहरी हिस्सों में चौड़े राजमार्ग देखकर लगा कि कम से कम तीन मुख्यमंत्रियों ने जनहित के कुछ काम निरंतर किए।

काश! चुनाव ऐसे नेक कामों पर लड़े जाते।

हलीमा एडेन, सुपरमॉडल

# मां ने कभी कहा था रोल मॉडल बनना

पिछली कई पीढ़ियों से अराजकता और बदहाली झेल रहे सोमालियाई लोगों को अगले कितने दशकों में चैन की जिंदगी नसीब होगी, कोई नहीं जानता। आज भी यह देश नाकाम मुल्कों की पहली कतार में खड़ा है। ऐसे में, वहां से जान बचाकर भागे या सुकून का जीवन जीने की आस लिए निकले लोगों में से जब भी कोई सोमालियाई किसी अन्य देश में नाम कमाता है, तो अपने हताश देशवासियों के लिए वह किसी 'लैंपपोस्ट' से कम नहीं होता। हलीमा एडेन को सोमालियाई इसी निगाह से देखते हैं, हालांकि वह दुनिया की अनगिनत लड़कियों की प्रेरणास्रोत हैं।

देश में गहराते गृहयुद्ध से डरा-सहमा हलीमा का परिवार भागकर केन्या आ गया था। वहां काकुमा के शरणार्थी शिविर में उन्हें पनाह मिल गई थी। इसी शिविर में 19 सितंबर, 1997 को हलीमा पैदा हुईं। माता-पिता नारकीय जिंदगी से भागकर वहां आ तो गए थे, लेकिन शरणार्थी शिविर से मुक्ति पाना आसान न था। उन्हें कई स्तरों पर जूझना पड़ रहा था। कहां तो रूढ़ियों-रवायतों से घिरा सोमालिया का बंद समाज और कहां केन्या का खुलापन! दोनों के बीच संतुलन बिठाना भी आसान न था।

इस बीच एक और नन्हा मेहमान परिवार में आ चुका था। शरणार्थी शिविरों के बाहर की जिंदगी का आकर्षण तो अपनी जगह था ही, बच्चों के मुस्तकबिल की चिंता अब अधिक सताने लगी थी। कुछ वर्ष केन्या में गुजारने के बाद आखिरकार हलीमा का परिवार अमेरिकी सूबे मिनेसोटा के सेंट क्लाउड में आ बसा। उस वक्त हलीमा छह साल की थीं। वह सोमाली व स्वाहिली जुबान ही जानती थीं, मगर दाखिला अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में लेना पड़ा।

शुरू-शुरू में तो भाषा संबंधी दिक्कतें आईं, मगर स्कूल के प्रोत्साहन भरे माहौल ने हलीमा के भीतर ऐसा आत्मविश्वास भरा कि उन्होंने इस मोर्चे पर सबको पीछे छोड़ दिया और एक वक्त वह भी आया, जब अपोलो हाईस्कूल के सहपाठियों ने उन्हें 'होमकमिंग क्वीन' यानी सबसे पसंदीदा छात्रा चुना। इससे पहले कभी किसी मुस्लिम-सोमाली लड़की को इस सम्मान के योग्य नहीं माना गया था। हाईस्कूल और कॉलेज स्तर पर 'होमकमिंग क्वीन' का



चयन अमेरिका की एक अहम सांस्कृतिक परंपरा है और इसने सेंट क्लाउड शहर की नौजवान आबादी तक हलीमा का नाम पहुंचा दिया।

साल 2016 की बात है। 'मिस मिनेसोटा यूएसए' का आयोजन हुआ था। हलीमा ने इसमें भाग लेने का फैसला किया। प्रतियोगिता के 65 सालों के इतिहास में यह पहला मौका था कि एक युवती हिजाब पहनकर उतर रही थी। इस एक बात ने उन्हें अगले दिन के अमेरिकी अखबारों में सुर्खियां दिला दी। आखिरी 15 तक पहुंचने वाली हलीमा वह प्रतियोगिता तो नहीं जीत सकीं, लेकिन तब तक वह कई बड़ी हस्तियों की निगाह में आ चुकी थीं। अगले ही साल उन्होंने फैशन की दुनिया की मशहूर अमेरिकी एजेंसी 'आईएमजी मॉडल्स' के साथ तीन साल का करार किया।

फरवरी 2017 में न्यूयॉर्क फैशन वीक से मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखने वाली हलीमा ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। एक ऐसे दौर में, जब दुनिया में नस्लीय पहचान और लिबास को लेकर वितंडा खड़ा किया जा रहा था, हलीमा पूरी मजबूती के साथ हिजाब के साथ खड़ी रहीं। जिस आईएमजी एजेंसी से जुड़ने के लिए दुनिया भर की मॉडल तरसती हैं, हलीमा ने उसके साथ अनुबंध में यह शर्त रखी कि वह कभी हिजाब के साथ कोई समझौता नहीं करेंगी। मशहूर अमेरिकी खेल पत्रिका स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड ने उनकी तस्वीर के साथ दुनिया को यह पैगाम दिया कि अलग-अलग पृष्ठभूमि, रूप-रंग, परवरिश वाली महिलाएं एक साथ खड़ी हो सकती हैं और उनके साथ जश्न मनाया जा सकता है।

दुनिया के सभी मशहूर फैशन कार्यक्रमों में शिरकत कर चुकीं हलीमा को यूनिसेफ ने साल 2018 में अपना दूत बनाया। इस भूमिका के साथ वह केन्या के उस शरणार्थी शिविर में भी गईं, जहां उन्होंने होश संभाला था। तीन वर्षों तक उन्होंने शरणार्थी बच्चों के अधिकारों के पक्ष में आवाज उठाई। आज वह काकुमा के बच्चों की रोल मॉडल हैं। हलीमा ने अपने करियर के लिए अपनी धारणाओं से कभी समझौता नहीं किया। बल्कि एक मोड़ वह भी आया, जब उन्होंने शो बिज की दुनिया छोड़ने का एलान कर दिया था, लेकिन बाद में उन्होंने कहा कि वह दुनिया की पहली सोमाली मिस यूनिवर्स बनना चाहती हैं।

एक लोकप्रिय सुपरमॉडल के तौर पर हलीमा एडेन की कामयाबी दुनिया के आगे एक मिसाल है कि यदि आत्मविश्वास और काबिलियत हो, तो रंग-रूप, नस्ल और लिबास कभी आपकी राह में बाधक नहीं बन सकते। आप अपनी शर्तों पर सफलता का स्वाद चख सकते हैं। बीबीसी ने बीते साल हलीमा को दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली महिलाओं में शुमार किया है।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239




























# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### बसंत पंचमी पर श्रद्धा के साथ हुई देवी सरस्वती की पूजा

**रायगढ़।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शहर की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। शिक्षिकाओं ने सरस्वती वंदना की सुमधुर प्रस्तुति दी, जिस पर छात्राओं ने आकर्षक नृत्य कर देवी सरस्वती की आराधना की। इस दौरान पूरा स्कूल परिसर वर दे वीणा वादिनी, वर दे... से गूंज उठा। संस्कार स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया हमारी संस्था में प्रमुख तीज-त्योहारों महत्वपूर्ण दिवसों महापुरूषों की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कि जाते रहे हैं। इसी कड़ी में बसंत पंचमी का पर्व पूरी आस्था के साथ मनाया गया। इस अवर पर स्कूल परिसर में देवी सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई विधी विधान से पूजा अर्चना की स्कूल की शिक्षिकाओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। बच्चों ने सरस्वती वंदना पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुती देते हुए मा सरस्वती की आराधना की। कोरोना काल की वजह से वर्तमान में स्कूल में कक्षाएं जिसकी वजह से नहीं लग रही है बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं इस कार्यक्रम में सभी बच्चे अपने घर से ही वर्चुवल रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य रश्मि शर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### बसंत पंचमी के त्यौहार पर किया गया महायज्ञ

**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में ऋतुराज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ कबीरधाम एवं एन एस एस दशरंगपुर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के संजीव कुमार शर्मा, गंगा राम साहू एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी हेमधर साहू से मिली जानकारी अनुसार बसंत पंचमी व सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के जयंती के अवसर पर गायत्री महायज्ञ साहित्यिक जागरण का आयोजन किया गया। यह यज्ञ युवा प्रकोष्ठ कबीरधाम के नेतृत्व में किया गया ।

## बिजली बिल हाफ योजना से 3 साल में उपभोक्ताओं को मिली राहत

### जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी देख लोगों ने राज्य सरकार की योजनाओं की प्रशंसा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार के 3 साल की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में किया गया है। प्रदर्शनी के प्रति लोगों का उत्साह देखते हुए प्रदर्शनी रविवार 6 फरवरी तक आयोजित की जाएगी।




जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में आम लोगों को जानकारी देने के उद्देश्य से राज्य सरकार की योजनाएं को बहुत ही प्रभावी ढंग से प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोग राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी हासिल करने के साथ ही इसकी प्रशंसा भी कर रहे है। विशेषकर बिजली बिल हाफ योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना से लोगों को हो रहे लाभ की सभी तारीफ कर रहे है। प्रदर्शनी स्थल का सेल्फी स्टैंड भी लोगों का पसंददीदा स्पॉट बन गया हैं यहां हर कोई बड़े उत्साह से अपने मोबाइल से सेल्फी ले रहा है। शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों से संबंधित प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण भी लोगों को किया जा रहा है। छात्र और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए यह सामग्री पठ्नीय एवं संग्रहणीय है।

विकास प्रदर्शनी में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना सहित अन्य योजनाओं को आकर्षक फोटो एलईडी स्क्रीन में वीडियो के माध्यम से भी प्रदर्शित की जा रही है। बेमेतरा जिले के द्वारिका प्रसाद साहू ने कहा कि गोधन न्याय योजना से गौ-पालक किसानों को विशेष प्रोत्साहन मिला है। गौ-पालको को दूध के अलावा अब गोबर से भी अतिरिक्त आमदनी होने लगी है। वे आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं। मवेशी पालना हमारी परंपरा रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले 3 वर्षों में किसानों को विशेष महत्व दिया है। जिससे किसानों की माली हालत बेहतर हो रही है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के छात्र किशन वर्मा और रामेश्वर वैष्णव ने कहा कि बिजली बिल हाफ योजना से घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बहुत राहत मिली है। लोगों का आर्थिक बोझ कम हुआ है। अब उन्हें बिजली बिल बोझ नहीं लगता। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहें सुश्री मुस्कान, अमीषा साहू, रोशन वर्मा, मयंक मिश्रा और रविराज ने बताया की यहां पर सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ साथ सरकार के कामकाज को समझने का मौका भी मिल रहा है। प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित शासकीय योजनाओं, कार्यक्रम पर आधारित पत्रिका, ब्रोशर, पॉम्पलेट से मिली जानकारी उन्हें परीक्षा के लिए काम आएगी।

अभनपुर तहसील के किसान भीखम रात्रे और किशुन सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की पहचान किसान हितैषी सरकार के रूप में बनी है। पिछले 3 वर्षों में खेती के रकबे और पंजीकृत किसानों की संख्या में वृद्धि हुई है। किसान न्याय योजना के माध्यम से धान का समुचित मूल्य मिलने से युवा वर्ग भी कृषि के प्रति आकर्षित हुए हैं।

## धान खरीदीः 16 लाख 99 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी, लगभग 80 प्रतिशत धान का उठाव भी हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कोरबा जिले में अभी तक 34 हजार 035 किसानों से समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों ने 16 लाख 99 हजार 543 क्विंटल धान खरीद लिया है। किसानों से खरीदे गये इस धान की कीमत 329 करोड़ 71 लाख 42 हजार रूपये से अधिक है।



जिले में अब तक खरीदे गये धान की लगभग 80 प्रतिशत मात्रा का उठाव मिलर्स द्वारा किया जा चुका है। जिले के 55 धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर 15 लाख 71 हजार 676 क्विंटल मोटा और एक लाख 26 हजार 440 क्विंटल सरना और एक हजार 427 क्विंटल 20 किलो पतला धान खरीदा गया है। जिले में 7 फरवरी को धान बेचने के लिए 041 किसानों को टोकन जारी किए गए हैं। इन किसानों से लगभग एक हजार 475 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

कोरबा जिले में अभी तक मिलरों द्वारा कुल खरीदे गए धान में से लगभग 80 प्रतिशत धान का उठाव कर लिया गया है। मिलर्स ने खरीदी केन्द्रों से 13 लाख 64 हजार 166 क्विंटल धान उठा लिया है।

जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले के खरीदी केन्द्रों से 12 लाख 61 हजार 526 क्विंटल मोटा और एक लाख दो हजार 640 क्विंटल सरना धान का उठाव मिलरों द्वारा कर लिया गया है। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि सभी समितियों में धान की शेष मात्रा निर्धारित बफर लिमिट के आसपास ही है और लगातार डीओ कटने से मिलरों को तत्काल गाड़ियां लगवाकर धान उठाव के लिए निर्देशित भी किया जा रहा है।

## जीआरपी रायपुर ने बुजुर्ग यात्री की तत्काल मदद कर मानवता का परिचय दिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर की जीआरपी पुलिस ने रायपुर रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म मे रूपयों से भरे बैग को छोड़कर भटक जाने वाले अंबिकापुर के एक बुजुर्ग यात्री का बैग लौटाकर उसकी मदद की है। बुजुर्ग यात्री स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 5 में सामान रखकर पेशाब गया था और भटक गया था। यात्री के बैग में 50 हजार रूपए थे। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बुजुर्ग यात्री उद्धव राम शर्मा पिता स्व0 रामरतन शर्मा उम्र 78 साल निवासी अम्बिकापुर अपने रायपुर में रहने वाले परिवार से मिलकर वापस अम्बिकापुर एक्स0 से अम्बिकापुर जाने प्लेटफार्म नम्बर 5 पर रात लगभग 08/00 बजे आकर चबुतरा पर अपना एक बड़ा बैग व दो छोटा बैग रखकर बैठा था। उसी दौरान उसे पेशाब लगने पर प्लेटफार्म के बिलासपुर छोर तरफ स्थित शौचालय गया वहाँ से वापस लौटते समय वह भटक गया, और सामान दूढ नही पाने पर रात्री 10/00 बजे जी.आर.पी थाना प्रभारी एल.एस. राजपूत को अपने सामान नहीं मिलने की जानकारी दिया तब थाना प्रभारी द्वारा तत्काल उपस्थित स्टाफसउनि. नंद किशोर शर्मा आर. 60 लाल मोहन मेहता, आर. 130 भारत भूषण दुबे के साथ प्लेटफार्म जाकर सामान तलाश किया।

## राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारी बैठक संपन्न, कलेक्टर ने सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद । कलेक्टर नम्रता गांधी ने माघ पूर्णिमा 16 फरवरी से आयोजित होने वाले 15 दिवसीय राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारियों की आज व्यापक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मेले से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाए। जिम्मेदार विभाग अपनी तैयारी तत्काल प्रारंभ करें। कलेक्टर ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।



राजिम रेस्ट हाउस में हुई बैठक में पुलिस अधीक्षक जे. आर ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोक्तिमा यादव सहित विभिन्न क्रियान्वयन एजेंसी के अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों के मरम्मत और अस्थाई निर्माण तथा टेंट और बेरिकेड्स संबंधी समीक्षा की गई। इसी तरह पीएचई विभाग के अधिकारी ने बताया कि पाइप और बायो शौचालय लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को वन विभाग से समन्वय कर बांस बल्ली की आवश्यक व्यवस्था करने कहा गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारी ने कहा कि स्नान कुंड बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर ने आयोजन के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से चर्चा की। प्रतिदिन होने वाले विभागीय कार्यक्रमों के बारे भी चर्चा की। 16 व 23 फरवरी एवं 1 मार्च को वीवीआईपी हेतु विश्राम गृह में आवश्यक व्यवस्था के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि राजिम माघी पुन्नी मेले के दौरान लक्ष्मण झूले का उपयोग वन-वे होगा। उक्त झुले का उपयोग सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। अतिथियों का स्वागत एक-एक पुष्प भेंट कर किया जाएगा, गुलदस्ते का उपयोग नहीं होगा।

पुलिस अधीक्षक जे आर ठाकुर ने कहा कि पुलिस बल की व्यवस्था पर्याप्त रहेगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरा भी लगाये जायेंगे। बैठक में विभागों द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर जे आर चौरसिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अविनाश भोई सहित जिले के अधिकारी भी मौजूद थे।

### अधिकारियों ने किया मेला स्थल का निरीक्षण


पुलिस अधीक्षक जे आर ठाकुर, राजिम मेला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोक्तिमा यादव व अपर कलेक्टर जे आर चौरसिया ने अधिकारियों के साथ आज राजिम माघी पुन्नी मेला स्थल का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने मुख्य मंच, महानदी आरती स्थल, मेला स्थल में सड़क निर्माण कार्य व लक्ष्मण झूला निर्माण कार्य का अवलोकन कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम अविनाश भोई, डिप्टी कलेक्टर अनुपम आशीष टोप्पो, सहायक आयुक्त आदिवासी बी के सुखदेवे सहित लोक निर्माण, जल संसाधन, नगर पालिका, वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## जनसमस्याओं का निराकरण समय सीमा में हो : मुख्यमंत्री बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

- 1 मार्च 2022 से जनशिकायतों के निराकरण की स्थिति की ऑनलाईन मानिटरिंग की सुविधा प्रारम्भ करने का प्रयास करें
- मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर से होगी जन समस्याओं के निराकरण की ऑनलाइन मॉनिटरिंग
- आम जन के लिये यह सुविधा हो कि राज्य के किसी भी भाग से वह घर बैठे अपनी समस्या दर्ज करा सके



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सामान्यजन से जुड़े विभागों जैसे राजस्व, पुलिस, विद्युत, स्वास्थ्य तथा नगरीय निकाय से सम्बंधित जनसमस्याओं का समय सीमा में निराकारण सुनिश्चित करने के लिए जनसमस्याओं के आवेदनों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था करने के निर्देश मुख्य सचिव को दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह प्रयास किया जाये कि 01 मार्च 2022 से जनशिकायतों के निराकरण की स्थिति की ऑनलाईन मानिटरिंग की सुविधा आरंभ हो जाये। उन्होंने कहा है की मुख्यमंत्री सचिवालय और मुख्य सचिव के स्तर से जन शिकायतों के निराकरण की स्थिति की ऑनलाइन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही आम जन के लिये यह सुविधा हो कि राज्य के किसी भी भाग से वह घर बैठे अपनी समस्या दर्ज करा सके तथा उसे घर बैठे ही समस्या के निराकरण हेतु की गई कार्यवाही की जानकारी मिले।


इस व्यवस्था के प्रारंभ होने से नागरिकों को दफ्तरों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और उनकी समस्याओं का घर बैठे ही समाधान हो सकेगा।

### उद्यमी महिलाओं को आईआईएम बेंगलुरू के माध्यम से मिलेगा ऑनलाईन प्रशिक्षण

**कोरबा।** राष्ट्रीय महिला आयोग के समन्वय से उद्यमी महिलाओ को भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरू के द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। आकांक्षी उद्यमी महिलाओं को 6 सप्ताह का ऑनलाईन ट्रेनिंग दिया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए उद्यमी महिलाओं को ऑनलाईन पंजीयन कराना होगा। ऑनलाईन पंजीयन वेबलिंक में 28 फरवरी 2022 तक किया जा सकता हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम हिन्दी में रहेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले से व्यापार-उद्योग में शामिल महिलाएं या व्यापार-उद्योग शुरू करने की इच्छुक महिलाएं भाग ले सकती हैं।




















## खास खबर

### जनसमस्याओं का निराकरण समय सीमा में हो : मुख्यमंत्री बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सामान्यजन से जुड़े विभागों जैसे राजस्व, पुलिस, विद्युत, स्वास्थ्य तथा नगरीय निकाय से सम्बंधित जनसमस्याओं का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए जनसमस्याओं के आवेदनों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था करने के निर्देश मुख्य सचिव को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह प्रयास किया जाये कि 01 मार्च 2022 से जनशिकायतों के निराकरण की स्थिति की ऑनलाईन मानिटरिंग की सुविधा आरंभ हो जाये। उन्होंने कहा है की मुख्यमंत्री सचिवालय और मुख्य सचिव के स्तर से जन शिकायतों के निराकरण की स्थिति की ऑनलाइन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही आम जन के लिये यह सुविधा हो कि राज्य के किसी भी भाग से वह घर बैठे अपनी समस्या दर्ज करा सके तथा उसे घर बैठे ही समस्या के निराकरण हेतु की गई कार्यवाही की जानकारी मिले। इस व्यवस्था के प्रारंभ होने से नागरिकों को दफ्तरों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और उनकी समस्याओं का घर बैठे ही समाधान हो सकेगा।

### खरीफ 2022 के लिए रासायनिक उर्वरकों के प्रबंध की तैयारी शुरू

**रायपुर।** अगामी खरीफ सीजन 2022 के लिए रासायनिक उर्वरकों के इंतजाम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कृषि विभाग ने मार्कफेड को खरीफ 2022 के लिए अभी से 3.20 लाख मीटरिक टन रासायनिक उर्वरकों के अग्रिम क्रय की सहमति दे दी है। संयुक्त सचिव कृषि केसी पैकरा ने प्रबंध संचालक मार्कफेड को इस संबंध में प्रेषित पत्र में अग्रिम रूप से क्रय किए जा रहे रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण यथासंभव विपणन संघ तथा समितियों के गोदाम में कराने को कहा है। विपणन संघ द्वारा संचालित 110 डबल लॉक केन्द्रों के अलावा पंजीयक सहकारी संस्था द्वारा घोषित किये गये डबल लॉक केन्द्रों एवं समितियों के गोदामों तक कम्पनियों द्वारा सीधे उर्वरक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए, ताकि परिवहन लागत को कम किया जा सके। अग्रिम उर्वरक भण्डारण करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी उर्वरक की खरीफ मौसम 2022 में कमी न हो। रेकप्वाइंट से डबल लॉक केंन्द्रों एवं समितियों में उर्वरकों के भण्डारण के दौरान उर्वरक बोरियों हुक से न फटे तथा परिवहन के दौरान उर्वरकों का अपव्यय कम से कम हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहि। उन्होंने पहुंचविहीन दूरस्थ अंचलों के डबल लॉक एवं समितियों में मांग के अनुरूप उर्वरकों का अंग्रिम भण्डारण प्राथमिकता से कराने को कहा है।

### रासायनिक उर्वरकों का तेजी से अग्रिम उठाव करने के निर्देश

**रायपुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने आगामी खरीफ सीजन 2022 के मद्देनजर रासायनिक उर्वरकों के अग्रिम उठाव की व्यवस्था तेजी से सुनिश्चित करने के निर्देश पंजीयक सहकारी संस्था को दिए है। उर्वरक अग्रिम उठाव योजना की तिथि 1 फरवरी से 31 मई 2022 तक निर्धारित है। इस अवधि में सभी प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का उठाव करने वाले कृषकों से समितियों द्वारा तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा समितियों से ब्याज की राशि अधिभारित नहीं की जाएगी।

### छत्तीसगढ़ी में राम के लीला रामायण फीचर फिल्म और धारावाहिक की होगी शूटिंग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी बोली को रामायण के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के लिए राम के लीला रामायण फीचर फिल्म और धारावाहिक का पहली बार निर्माण किया जा रहा है। फिल्म एनके फिल्म्स प्रोडक्शन और सिमरन सेवा समिति द्वारा निर्माण किया जा रहा है। इसकी शूटिंग 10 अप्रैल से शुरू होगी। इसी दिन एक शोभायात्रा रायपुर रेलवे स्टेशन से हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी। इसमें कलाकार राम, लक्ष्मण और सीता के भेष में सवार होंगे। यह शोभायात्रा स्टेशन चौक हनुमान मंदिर से शुरू होकर रायपुर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते हुए वीआइपी रोड स्थित राम मंदिर में समापन होगा।

### ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर चढ़ाए गए 24 किलो चांदी आभूषण का शिवलिंग और जलहरी

# जनआस्था के केन्द्र और ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर की ख्याति बढ़ाने सरकार कर रही हर संभव प्रयास- अकबर

### भोरमदेव महाआरती श्रृंगार का घर बैठे यूट्यूब पर कर सकेंगे दिव्य दर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के पुरातात्विक, धार्मिक, जनआस्था के केन्द्र व पर्यटन के रूप में ऐतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर में आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ शिवलिंग में 24 किलोग्राम चांदी के आभूषण के निर्मित शिवलिंग व जलहरी चढ़ाई गई है। चांदी के आभूषण के निर्मित इस आकर्षक कवच को राजस्थान के विशेष कारीगर द्वारा तैयार किया गया है। 24 किलोग्राम वजन चांदी का यह विशेष कवच, भक्तों द्वारा मंदिर में दिए गए रत्न आभूषण के गुप्तदान व दान से एकत्र की गई राशि से तैयार की गई है। इस अवसर पर मंदिर परिसर के पास भंडार एवं पूजा गृह निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इसके लिए 6 लाख रूपए स्वीकृत किए गए है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ का भोरमेदव मंदिर पूरे प्रदेश के लिए पुरातत्व, धार्मिक, जनआस्था के केन्द्र व पर्यटन के रूप में ऐतिहासिक महत्व का स्थल है। इसकी ख्याति बढ़ाने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। जिले में पर्यटन सुविधाओं को आने बढ़ाया जा रहा है। इसी दृष्टि से कवर्धा के नजदीक सरोधा से भोरमदेव मार्ग रामचुवा के आसपास करोडों रूपए की लागत से जंगल सफारी प्रस्तावित है। जंगल सफारी बनने से कबीरधाम जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए-नए अवसर तैयार होंगे। कवर्धा से भोरमेदव पहुंच मार्ग निर्माण करने के लिए 9 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं। कबीरधााम जिले के चिल्फी घाटी स्थित सरोधादादर में लगभग 12 करोड़ रूपए के नए कॉटेज तैयार किए गए। यहां के स्थानीय बैगा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार किए जा रहे है। उन्होने कहा कि मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जो भी मांग रहेगी, उसे प्राथमिकता के साथ पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

इस विशेष पूजा-अर्चना के कार्यक्रम में पंडरिया विधायक ममता चन्द्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, पार्षद मोहित महेश्वरी, अशोक सिंह, सुनिल साहू, एल्डरमेन कौशल कौशिक, देवराज पाली, किर्तन शुक्ला, राजकुमार तिवारी, राजेश माखिजानी, कवर्धा तहसीलदार मनीष वर्मा, मौसम वर्मा शामिल हुए। भोरमदेव मंदिर के पुजारी आशीष पाठक, संतोष पंडित ने विधिविधान से इस अनुष्ठान को संपन्न कराया।

#### मंत्री अकबर ने ऑनलाईन दर्शन कर सुविधा का किया शुभारंभ

भोरमदेव मंदिर की ख्याति को देश-दूनिया तक पहुंचाने के लिए आज ऑनलाईन दर्शन की सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। वन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने अपने रायपुर स्थित शासकीय आवास से ऑनलाईन दर्शन कर इस सुविधा का विधिवत शुभांरभ किया। आज से भोरमदेव मंदिर का घर बैठे यूट्यूब के माध्यम से शिव जी के विशेष श्रृंगार व महाआरती का दर्शन कर सकेंगे। जिला प्रशासन व भोरमदेव प्रबंधन तीर्थ कारिणी समिति द्वारा यह विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में बसंत पंचमी की बधाई देते इस कार्य को धार्मिक एवं जनआस्था के लिए विशेष महत्व का बताया।

### महिला गृह उद्योग की सदस्य का अनूठा प्रयास

# प्रदर्शनी से खरीद रही हैं सामान ताकि उन्हें दिखाकर दूसरी महिलाओं को प्रेरित कर सकें

### साइंस कॉलेज मैदान में लगी है विकास प्रदर्शनी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। बीते 3 फरवरी से शुरू हुई प्रदर्शनी 6 फरवरी तक चलेगी। यहां विभिन्न विभागों की विकास गाथा को आकर्षक अंदाज में पेश किया गया है। खादी एवं ग्रामोद्योग, वन विकास एवं रोजगार मिशन के अंतर्गत विभिन्न तरह के कार्यों में लगी महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा भी स्टॉल लगाए गए हैं। विकास प्रदर्शनी में कोरिया की महिला गृह उद्योग की सदस्य नीलिमा चतुर्वेदी का अनूठा प्रयास देखने को मिला। यहां वह महिला स्व-सहायता समूह के विभिन्न स्टॉलों में जाकर उनके बनाए समान खरीद रही हैं। वह इन समानों को अपने क्षेत्र की दूसरी महिलाओं को दिखाकर नवाचार के लिए प्रेरित करना चाहती हैं।

साइंस कॉलेज मैदान में लगी विकास प्रदर्शनी में एक महिला अपने कुछ साथियों के साथ महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित विभिन्न स्टॉलों में हस्तकला और हस्तशिल्प के समान खरीदते दिखीं। पूछने पर उन्होंने बताया कि वह स्वयं महिला गृह उद्योग कोरिया की सदस्य है और प्रदर्शनी में उनका भी स्टॉल है। दूसरे स्टॉलों से अलग-अलग तरह के हस्तशिल्प के समान की खरीदी को लेकर उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न स्थानों पर महिला स्व-सहायता समूह की बहनें बांस, काष्ठ, छिंद घास, सवई घास, खजूर पत्ता, ताड़ पत्ता और मिट्टी से लेकर लोहे तक के आकर्षक डेकोरेटिव आइटम्स और घरेलू इस्तेमाल के समान बना रही हैं। वे इन समानों को ले जाकर अपने क्षेत्र में विभिन्न महिला समूहों के बीच दिखाएंगी और उन्हें भी ऐसे सामान बनाने और अपने लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। जरूरत पड़ने पर वह छत्तीसगढ़ के दूसरे जिलों की महिला स्व-सहायता समूहों से भी संपर्क कर अपने क्षेत्र की महिलाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था करेंगी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा लगाई गई इस विकास प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से नए अवसरों की जानकारी मिलती है। स्वरोजगार की नई संभावनाओं का भी पता चलता है।

# देवभोग ब्रांड के दुग्ध व दुग्ध उत्पाद सीधे क्रय कर सकेंगे शासकीय विभाग

### मुख्य सचिव ने सभी विभागाध्यक्षों को जारी किए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप दुग्ध सहकारी समितियों से जुड़े राज्य के पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासन के सभी विभाग, उपक्रम, निगम एवं मण्डलों में शासकीय आयोजन के समय देवभोग ब्रांड के दुग्ध एवं दुग्ध से बने उत्पादों का उपयोग करने के निर्देश मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिए गए है। देवभोग ब्रांड के उत्पाद को विभाग सीधे क्रय कर सकते है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ द्वारा उत्पादित देवभोग ब्रांड के दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों का उपयोग शासकीय कार्य-कलापों में किये जाने हेतु खरीदी किए जाने के लिए समय-समय पर राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी किए गए है। छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम, 2002 ( यथासंशोधित 2020) के नियम 8.4- यदि राज्य शासन के किसी विभाग द्वारा संचालित विभागीय निर्माण इकाईयां सामग्री का निर्माण करती है, तो ऐसी निर्माणकर्ता इकाई से सामग्री का क्रय किया जा सकेगा जिसके लिए पृथक से निविदा बुलाना आवश्यक नहीं होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा भी समस्त विभागों में आवश्यकतानुसार छत्तीसगढ़ दुग्ध महासंघ के देवभोग ब्रांड के उत्पादों का क्रय करने के निर्देश पूर्व में दिए गए है। मुख्य सचिव ने सभी शासकीय विभाग, उपक्रम, निगम एवं मण्डलों के प्रमुखों को उक्त निर्देश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करने को कहा है।

# छत्तीसगढ़ में 18 वर्ष से अधिक की तीन-चौथाई आबादी को कोरोना से बचाव के दोनों टीके लगे

### 18 वर्ष से अधिक की लगभग शत-प्रतिशत और 15 से 18 वर्ष की 62 प्रतिशत आबादी को पहला टीका

### 2.79 लाख लोगों को लगाया जा चुका है प्रिकॉशन डोज, प्रदेश में अब तक कुल 3.58 करोड़ टीके लगे

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लोगों का तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। प्रदेश में एक करोड़ 46 लाख 80 हजार 330 नागरिकों को कोरोना से बचाव का दोनों टीका लगाया जा चुका है। यह प्रदेश में टीकाकरण के लिए पात्र 18 वर्ष से अधिक की आबादी का तीन चौथाई यानि 75 प्रतिशत है। राज्य में दो लाख 79 हजार 324 स्वास्थ्यकर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स तथा 60 वर्ष से अधिक के लोगों को प्रिकॉशन डोज भी लगाया जा चुका है।

राज्य में 18 वर्ष से अधिक के करीब शत-प्रतिशत और 15 से 18 वर्ष की 62 प्रतिशत जनसंख्या को पहला टीका लग चुका है। यहां 18 वर्ष से अधिक के एक करोड़ 95 लाख 74 हजार 606 नागरिकों और 15 से 18 वर्ष के दस लाख 21 हजार 436 किशोरों को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगाया जा चुका है। वहीं 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के एक लाख 96 हजार 092 बच्चों को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। दोनों आयु वर्गों में पहली और दूसरी तथा प्रिकॉशन डोज को मिलाकर प्रदेश भर में अब तक (4 फरवरी तक) कुल तीन करोड़ 57 लाख 51 हजार 788 टीके लगाए गए हैं।

# कड़कनाथ मुर्गी के अंडे विकास प्रदर्शनी पर बना आकर्षण केंद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन के 3 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी का आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में किया गया है। प्रदर्शनी में विभिन्न विभाग की योजनाओं के उपलब्धियों को बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। कृषि विभाग के स्टॉल में दंतेवाड़ा जिला के मां दंतेश्वरी स्व-सहायता समूह के सदस्यों द्वारा कड़कनाथ मुर्गी के छह अंडे का पैक 100 रूपए में विक्रय किया जा रहा है। पोषक तत्वों से भरपूर एवं शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सक्षम इस अंडे की तरफ लोग सहज ही आकर्षित हो रहे हैं। इंजीनियरिंग की छात्रा सुश्री अनीता ने बताया कि उन्होंने कड़कनाथ मुर्गी और उसके अंडों के पोषक तत्वों के बारे में मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली थी। प्रदर्शनी स्थल पर यह सहज ही उपलब्ध हो गया है।

स्व-सहायता समूह के सदस्यों ने बताया कि अंडा खाने वाले लोग इसे खरीदने के लिए सहज ही आकर्षित हो रहे हैं। पशुधन विकास विभाग की योजना का लाभ लेकर वे कड़कनाथ मुर्गी का व्यवसायिक स्तर पर पालन करते हैं। प्रचार-प्रसार और इस व्यवसाय को बढ़ाने में राज्य सरकार का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















# कातिलाना लुक पाने के लिए लड़कियां क्यों करवा रही हैं राइनोप्लास्टी, क्या है ये ?

ईरान में रहने वाले लोगों को रूढ़िवादी समझा जाता है. हालांकि पिछले कुछ समय में अपने लुक को लेकर यहां के लोगों की सोच में काफी बदलाव आया है. ईरान में न सिर्फ महिलाएं बल्कि पुरुष भी अपने सौंदर्य को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं करते. रिपोर्ट के अनुसार यही कारण है कि राइनोप्लास्टी नाम की सर्जरी के सबसे ज्यादा मामले यहीं देखे जा रहे हैं. पिछले कुछ समय से ज्यादातर ईरानियन लोग राइनोप्लास्टी सर्जरी करवा रहे हैं. इनमें महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में बहुत ज्यादा है. ईरान अब उन मुल्कों की लिस्ट में शामिल हो गया है जहां राइनोप्लास्टी कराने के सबसे ज्यादा मामले सामने आते हैं. लेकिन क्या आपको पता है कि क्या होती है कातिलाना लुक पाने के लिए लड़कियां क्यों करवा रही हैं राइनोप्लास्टी, क्या है ये? राइनोप्लास्टी सर्जरी. आपको बता दें कि इस सर्जरी के माध्यम से आप अपने लुक को कातिलाना बना सकते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.



### क्या होती है राइनोप्लास्टी ?

राइनोप्लास्टी सर्जरी का एक ऐसा पार्ट है जिसमें नाक को थोड़ा छोटा कर उसे पैना या नुकीला बनाया जाता है. इस सर्जरी के बाद इंसान का चेहरा ज्यादा आकर्षक लगने लगता है. राइनोप्लास्टी नाक की सुंदरता बढ़ाने व उसके आकार में परिवर्तन लाने के लिए एक अत्यंत सुरक्षित और अत्याधुनिक वैज्ञानिक तरीका है. यह कॉस्मेटिक सर्जरी है, जिसकी मदद से नाक के आकार को छोटा या बड़ा किया जा सकता है और फैले हुए नोजट्रिल्स, नुकीली टिप, नासल ब्रिज पर हम्प का शेप सही किया जा सकता है. हालांकि राइनोप्लास्टी सर्जरी करवाने से पहले कुछ बातों को जान लेना बहुत जरूरी है.

### किसी दूसरे व्यक्ति के जैसी नाक नहीं हो सकती

परफेक्ट नोज जैसी कोई चीज नहीं होती है. अगर आप किसी दूसरे व्यक्ति या मॉडल जैसी नाक का सपना देखते हैं तो यह संभव नहीं कि आपकी नाक कभी वैसी शेपले सके. नाक में नोज रीशेपिंग से कुछ बदलाव जैसे बेढंगे तौर से फैली हुई, बड़ी या ज्यादा छोटी, दबी हुई और सपाट नाक, नाक का झुका हुआ सिरा या फूला हुआ गोल सिरा (बल्बस टिप) को ठीक किया जा सकता है. ऐसा करने से आपकी नाक पहले से अच्छी लगने लगेगी लेकिन किसी दूसरे व्यक्ति की नाक की कॉपी मुमकिन नहीं है.

### नोज रीशेपिंग के बारे में नहीं जानेंगे लोग

राइनोप्लास्टी का लक्ष्य नाक को चेहरे के बाकी फीचर्स के साथ संतुलित करना व अनुपात में लाना है. आमतौर पर पूरी तरह से हीलिंग के बाद लोग चेहरे के बदलाव को बेहतर बताते हैं, लेकिन अधिकांश लोग नाक में बदलाव को नोटिस नहीं कर पाते हैं. राइनोप्लास्टी के बाद लोग आपके चेहरे के बाकी फीचर्स (जैसे आखें और होंठ) की सुंदरता को नोटिस करने लगते हैं, जिन पर पहले उनका ध्यान नहीं जाता था. राइनोप्लास्टी सर्जरी के बाद आप उसी दिन घर जा सकते हैं और रोजमर्रा का काम सामान्य रूप से कर सकते हैं. नाक पर कुछ दिनों तक एक बैंडेज रहता है, जिसे 8-10 दिनों के बाद निकाल दिया जाता है.

### फाइनल रिजल्ट में 1 साल तक का समय

नोज रीशेपिंग के बाद नाक ओर उसके आसपास के हिस्सों में सूजन रहती है, जो धीरे-धीरे कम हो जाती है. सूजन कुछ सप्ताह में सामान्य हो जाती है पर अंदरूनी हिस्से (खासकर नोज टिप) की स्वेलिंग पूरी तरह से ठीक होने में आठ से बारह महीने तक का समय लग सकता है और सर्जरी के फाइनल रिजल्ट तभी दिखते हैं.

# सुबह-सुबह म्यूजिकल अलार्म बजेगा तो दिनभर मूड रहेगा अच्छा



रातभर की नींद पूरी करने के बाद भी अगर सुबह आपकी नींद नहीं खुलती, सुस्ती और आलस आता रहता है और फ्रेशनेस महसूस नहीं होता तो मधुर म्यूजिकल अलार्म आपकी मदद कर सकता है। जी हां, अगर नींद से जागने के लिए आप ऐसा अलार्म लगाएं जिसमें से म्यूजिकल आवाज आती है तो इससे न सिर्फ आपकी सुस्ती और आलस दूर होगा बल्कि दिनभर आपका मूड भी अच्छा रहेगा।

### अलार्म तय करता है सुस्ती दूर होगी या नहीं

एक रिसर्च में कहा गया है कि सुबह जिस तरह का अलार्म सुनकर लोग जागते हैं, वही तय करता है कि उनकी सुस्ती दूर होगी या नहीं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि एक अच्छा म्यूजिकल अलार्म आपको पूरे दिन तरोताजा रखता है। इसके उलट तेज आवाज वाला अलार्म सुनने से सुबह के वक्त सुस्ती बढ़ सकती है। यह रिसर्च उन लोगों के लिए काम की है जो सुबह उठते ही काम पर लग जाते हैं।

### सजगता का स्तर बेहतर होता है


'पीएलओएस वन' नाम के जर्नल में इस रिसर्च को प्रकाशित किया गया है जिसे ऑस्ट्रेलिया की आरएमआईटी यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने किया है। रिसर्च में बताया गया है कि म्यूजिकल अलार्म सुनकर अगर किसी व्यक्ति की नींद खुलती है तो इससे उस व्यक्ति में सजगता का स्तर बेहतर हो सकता है यानी वो ज्यादा अलर्ट रह सकता है।

### मधुर आवाज सुनकर हम अच्छे से जाग पाते हैं

ऑस्ट्रेलिया की आरएमआईटी यूनिवर्सिटी में असोसिएट प्रफेसर एडरियान डायर ने कहा, 'नींद से जागने पर 'बिप बिप' की तेज और कर्कश आवाज से दिमाग की गतिविधियां भ्रमित हो जाती हैं जबकि मधुर आवाज जैसे बीच बॉयज का गाना गुड वाइब्रेशन्स से हम अच्छे से जाग पाते हैं।' रिसर्च में ये भी बताया गया है कि म्यूजिकल अलार्म सुनकर उठना उन लोगों के लिए खास मायने रखता है जो जागते ही खतरनाक हालात में काम करने के लिए पहुंच जाते हैं। जैसे- दमकल विभाग के कर्मचारी, पायलट के रूप में विमान उड़ाने का कार्य, अस्पताल या कोई अन्य आपात कार्य जिसमें लोगों को बेहद चौकन्ना रहना पड़ता है।

# पेट को फिट रखना है जरूरी

पेट में दर्द, जलन व सूजन का एहसास, सीने में जलन व उलटी की शिकायत, यह सुनने में भले ही बहुत गंभीर बीमारी न लगे, पर ऐसे लक्षण उस वक्त भी दिखते हैं जब पेट में अल्सर की शिकायत होती है. जीवनशैली और खान-पान में बदलाव का नतीजा है कि आजकल पेट के अल्सर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं.



### पेप्टिक अल्सर होने की वजह

पेट में म्यूकस की एक चिकनी परत होती है, जो पेट की भीतरी परत को पेप्सिन और हाइड्रोक्लोरिक ऐसिड के तीखेपन से बचाती है. इस ऐसिड की खासीयत यह है कि जहां यह ऐसिड पाचन के लिए जरूरी होता है, वहीं शरीर के ऊतकों के सीधे संपर्क में आने पर उनको नुकसान भी पहुंचाता है. इस ऐसिड और म्यूकस परतों के बीच तालमेल होता है. इस संतुलन के बिगड़ने पर ही अल्सर होता है. अल्सर कुछ दवाओं के निरंतर प्रयोग, जैसे दर्दनिवारक दवाओं के कारण भी हो सकता है.

### एच. पायलोरी बैक्टीरिया है प्रमुख कारण

पेप्टिक अल्सर का सबसे प्रमुख कारण एच. पायलोरी बैक्टीरिया है. वर्ष 1980 में एक ऑस्ट्रेलियाई डाक्टर बेरी जे. मार्शल ने एच. पायलोरी (हेलिकोबेक्टर पायलोरी) नामक बैक्टीरिया का पता लगाया था. इस बैक्टीरिया को बिस्मथ के जरीए जड़ से मिटाने में सफल होने की वजह से 2005 का नोबेल पुरस्कार भी उन्हें मिला. उन्होंने माना था कि सिर्फ खानपान और पेट में ऐसिड बनने से पेप्टिक अल्सर नहीं होता, बल्कि उसके लिए एक बैक्टीरिया भी दोषी है. इसका नाम एच. पायलोरी रखा गया. एच. पायलोरी का संक्रमण मल और गंदे पानी से फैलता है. शारीरिक सक्रियता कम होने और रोगप्रतिरोधक तंत्र में होने वाले बदलाव भी इस बैक्टीरिया को बनाने में सहायक होते हैं.

# सर्दियों की इन परेशानियों का इलाज है आंवला

आंवला सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है. आंवला में भरपूर मात्रा में विटामिन-सी, आयरन, और कैल्शियम पाया जाता है. इसे कई तरह से खाया जा सकता है. कुछ लोग इसका अचार बना कर खाते हैं, कुछ मुरब्बा, कुछ लोग आंवले का जूस पीना पसंद करते हैं. सर्दियों में गुड़ के साथ आंवले का सेवन करने से शरीर में गर्माहट बनी रहती है और कई बीमारियों से बचाव भी होता है. इस खबर में हम आपको बताएंगे कि आंवला के कौन कौन से फायदे हैं.



### मजबूत होता है रोग प्रतिरोधक क्षमता

आंवले के जूस में विटामिन सी प्रचूर मात्रा में पाया जाता है. इससे शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है.

### दिल के लिए है फायदेमंद

आंवले में पाया जाने वाला विटामिन सी दिल की सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है. जिन लोगों को कोलेस्ट्रौल की समस्या होती है, उन्हें नियमित रूप से आंवले का सेवन करना चाहिए.

### त्वचा के लिए है फायदेमंद

त्वचा की खूबसूरती बनाए रखने में विटामिन सी काफी कारगर होता है. इससे त्वचा टाइट होती है. झुर्रियों में भी ये काफी लाभकारी होता है. त्वचा की चमक बरकरार रकना चाहती हैं तो आंवला का सेवन जरूर करें. इसके अलावा आप दही में आंवला पाउडर मिला कर चेहरे पर लगा सकती हैं.

### सूजन में है असरदार

शरीर में मौजूद फ्री रेडिकल्स दिल, स्किन के साथ शरीर की इम्यूनिटी पर भी बुरा असर डालते हैं. ये फ्री रेडिकल्स शरीर में होने वाली सूजन के लिए जिम्मेदार होते हैं. इस सूजन से कई तरह की बीमारियां पैदा होती हैं.

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Hotel Shiv Prabha Inn.
& Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई


● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

लिजना स्पोर्ट्स वियर
हमारे यहां सुपरपॉली, कसरा, ड्राईफिट, एन.एस लायकरा आदि कपड़ों के लोवर, चड्डा, बनाये जाते है, एवं स्पोर्ट्स की टी-शर्ट होलसेल रेट में बनाए जाते हैं
संबंधित संस्थान
New J.P. Sports
Shop No. E-20, Circular Market, Camp-2, Bhilai
Mo. Lovely: 9993338252, 9300878988

श्रीराम कलेक्शन
बच्चों के आकर्षक रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन

■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर
■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

रामजाने स्वादिष्ट चाट भंडार
शादी एवं पार्टी में ऑर्डर लिया जाता है
संपर्क करें : 8871247959

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरूम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिज़ाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

## खास खबर

### वी द पीपल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रोको अउ टोको अभियान का शुभारंभ कल

**महासमुंद।** कोरोना संक्रमण की रोकथाम, नियंत्रण बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए सोमवार 7 फ़रवरी को कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर रोको अउ टोको अभियान'का कलेक्टोरेट परिसर से शुभारंभ करेंगे। अभियान का शुभारंभ दोपहर 2 बजे होगा। पहले मुख्यकार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत एस.आलोक वालेंटियर की बैठक लेंगे और रोको टोको का टी-शर्ट का वितरण करेंगे। जिला प्रशासन के सहयोग से ''वी द पीपल'' के स्वयंसेवको के माध्यम से रोको अऊ टोको महाअभियान शुरू होगा। रोको अउ टोको टीम के द्वारा लगातार जिले के विभिन्न चौक चौराहों, सब्जी मंडी एवं विभिन्न भीड़ वाले जगहों में जाकर लोगों को कोविड नियमों के पालन हेतु जागरुक किया जाएगा। इस अभियान में शामिल सभी स्वयं सेवी बच्चों को रोको-टोको अभियान हेतु एवं लगातार इस अभियान को आगे बढाने हेतु प्रेरित कर उत्साहवर्धन भी किया जाएगा। कोविड-19 के तीसरी लहर के बढ़ते प्रकोप एवं संक्रमण की तेज़ गति को देखते हुए वी द पीपल के वालेंटियर के सहयोग से ज़िले की भीड़-भाड़ वाली जगहों में राहगीरों को मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन करने, कोविड-19 टीकाकरण करवाने, जागरूकता किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत वालेंटियर्स के द्वारा मेघा फोन के माध्यम से लोगों को मास्क लगाने, समाजिक दूरी का पालन करने, कोविड-19 टीकाकरण करवाने के लिये प्रेरित किया जाएगा।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के दो अविवाहित पुत्रियों को सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने प्रदान की जाएगी प्रोत्साहन राशि

**बालोद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच बढ़ाने के लिए ''मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना'' की शुरूआत की गई है। श्रम पदाधिकारी श्री संजय सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य पंजीकृत निर्माण श्रमिक के दो अविवाहित पुत्रियों को सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही अविवाहित पुत्रियों को 20 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि योजना में पात्रता हेतु लड़की के पिता या माता अथवा दोनों कम से कम एक वर्ष की अवधि से मण्डल में निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीकृत हो, पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री जिसके लिए आवेदन किया गया है वह श्रम विभाग के अंतर्गत किसी भी मण्डल में पंजीकृत ना हो, पंजीकृत निर्माण श्रमिक के दो पुत्री प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र होंगे, पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री की आयु न्यूनतम 18 वर्ष पूर्ण हो तथा 18 वर्ष 06 माह से अधिक ना हो।

# पीएम मोदी की आर्थिक नीति से देश की तस्वीर बदल रही है -सिंधिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जो लोग दो भारत की बात करते है वो 2014 से पहले भ्रष्टाचार वाले भारत और आज भ्रष्टाचार मुक्त भारत की बात करते है बुद्धिजीवी सम्मेलन में बोले सिंधिया**

**कोरोना की चुनौती के बावजूद भारत ने अर्थव्यवस्था में कमाल किया बुद्धिजीवी सम्मेलन में बोले सिंधिया**

रायपुर। एक दिवसीय रायपुर प्रवास पर आये केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक निजी होटल में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कोरोना की भयंकर चुनौतियों के बीच भारत की जीडीपी में 9.2 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की है यह विश्व मे सबसे ज्यादा है।



जो लोग दो भारत की बात करते है शायद वो उस भारत की बात करते हो जब भ्रष्टाचार चरम पर था ना ना प्रकार के कानून व्यापारियों को परेशान करते थे।

श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा देश के व्यापारियों में खुशहाली तब आएगी जब वो अपना उत्पादन देश के साथ विदेश में भी बेच पाए। मोदी सरकार उसी दिशा में काम कर रही है। 2014 के पहले देश का निर्यात 2 लाख 70 हज़ार करोड़ था आज भारत का निर्यात 4 लाख 50 हज़ार करोड़ हो गया है। उन्होंने कहा कि हर सरकार को सदैव अपने पैरों पर खड़े रहना चाहिये क्योंकि हम सरकार नही सेवक है।

श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चार्टर्ड एकाउंटेंट्स,टैक्स कंसल्टेंट्स ,चैम्बर ऑफ कॉमर्स ,कैट ,उघोग व्यापार संघ व सम्मलेन में बड़ी संख्या में आये व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा है आप सभी के सहयोग और सहूलियत के लिए 1085 से ज्यादा कानूनों को वित्त मंत्री ने खत्म कर दिया है। सरकार ने कोरोना से तकलीफ में आये एमएसएमई को कोरोनाकाल में 5 लाख करोड़ रु की मदद अपनी गारंटी देकर की है जिसमे 2 लाख करोड़ का प्रावधान इस बजट में किया गया है।

उन्होंने कहा कि अगर मोदी सरकार के नेतृत्व में 2 टीके इज़ात न होते और सरकार 165 करोड़ डोज टीके जनता को इतने कम समय पर न लगाती तो कोरोना के कारण व्यापार करना बहुत मुश्किल होता।

श्री सिंधिया ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए बजट में उनके लिए हुए प्रावधानों को विस्तार से बताते हुए कहा 100 कार्गो टर्मिनल एक तरफ ज्यादा से ज्यादा सामान के डिस्पैच करने में मदद करेंगे और व्यापारियों की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट में कमी आएगी।25 हज़ार किलोमीटर का हाईवे बनने से ट्रान्सपोर्ट कॉस्ट में भी कमी आएगी।

अगर व्यापारी की लागत में कमी आएगी तो जनता को उसका सीधा लाभ मिलेगा। अब करदाताओं को 2 साल तक इनकम टैक्स रिटर्न भी रिवाइज करने मौका मिलेगा जिससे वो पेनाल्टी व अन्य कार्यवाहियों से बच सकेंगे।

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करें - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा करें। श्री महोबे कल शाम संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित राजस्व विभाग की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।**

उन्होंने नामांकन, बंटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगीं। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए कैम्प कोर्ट करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा गांरटी अधिनियम के प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करें। जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर आयोजित करें। उन्होंने ई-कोर्ट में दर्ज प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी के अंतिम दिन सभी राजस्व अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी कार्य का मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार पट्टा वितरण, सुराजी गांव योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के तहत् गौठान व चारागाह के लिए भूमि का चिन्हांकन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व आरबीसी 6-4 के तहत् असामयिक बारिश से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति, चिटफंड प्रकरण की कार्यवाही की प्रगति, नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन आदि के संबंध में चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजीव युवा मितान क्लब योजना की जानकारी ली और गठन की प्रकिया शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव,एस.डी.एम. गुरूर श्रीमती रश्मि वर्मा, डिप्टी कलेक्टर आर.एस.ठाकुर, अभिषेक दीवान, सुब्रत प्रधान, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

# आजादी के अमृत महोत्सवः एक दिवसीय विशेष प्रचार अभियान का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर(पीआईबी)। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय लोकसंपर्क कार्यालय, जगदलपुर द्वारा सद्भावना भवन, जगदलपुर में एक दिवसीय विशेष प्रचार अभियान का आयोजन किया गया ।**

इस विशेष प्रचार अभियान का शुभारम्भ, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के कुलपति, डॉ. एस.के. सिंह ने किया । इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय और प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय, रायपुर के अपर महानिदेशक, अभिषेक दयाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, मनीराम कश्यम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, मोहन मौर्य , परियोजना अधिकारी, कुमारी निर्मला सोना, विकासखण्ड समन्वयक कुजूर, विकासखण्ड मेडिकल ऑफिसर शाण्डिल्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे ।

मुख्य अतिथि कुलपति, डॉ. एस.के. सिंह ने कार्यक्रम का संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव, स्वाधीनता संग्राम के उन हजारों-लाखों गुमनाम सेनानियों को स्मरण करने का पर्व है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। कायर्कम के प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए पत्र सूचना कार्यालय और प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय, रायपुर के अपर महानिदेशक, अभिषेक दयाल ने आयोजन के उद्देश्यों की संक्षिप्त जानकारी दी। इस एक दिवसीय आयोजन के दौरान, देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता, रंगोली, मेंहदी, कुर्सी दौड़, प्रश्नमंच का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय निवासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके अलावा, इस अवसर पर विभागीय सांस्कृतिक दल के लोक कलाकारों ने गीत-संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी।

# कलेक्टर की विशेष पहल पोषणः स्वास्थ्य, शिक्षा की दिशा में प्रभावी कदम, मनरेगा से बनाये जायेंगे 113 पक्के आंगनबाड़ी भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। कलेक्टर रानू साहू द्वारा जिले के विकास के लिए सतत प्रयास किये जा रहे है। कलेक्टर साहू द्वारा मनरेगा के तहत 113 आंगनबाड़ी निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। आंगनबाड़ी निर्माण की स्वीकृति ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के पोषण,स्वास्थ्य, शिक्षा की दिशा में प्रभावी कदम हैं।**

महात्मा गाँधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम एवं महिला बाल विकास के अभिसरण से जिले की विभिन्न दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में महिला स्वास्थ्य एवं नौनिहाल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 113 आकर्षक पक्के आंगनबाडी भवन बनाये जायेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा नूतन कुमार द्वारा सभी जनपद पंचायतो को निर्देशित किया है कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण



के कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से निश्चित समय सीमा में पूर्ण किये जायें।

सीईओ नूतन कुमार ने बताया कि महात्मा गाँधी नरेगा एवं महिला बाल विकास विभाग के तालमेल से बनाये जाने वाले एक आंगनबाड़ी भवन की निर्माण लागत 6.45 लाख रूपये निर्धारित की गयी है।

जिसमे मनरेगा से 4.30 लाख रूपये निर्माण सामाग्री, 70 हजार रूपये मजदूरी के लिए तथा महिला बाल विकास विभाग से 1.45 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। जनपद पंचायत कोरबा में 35, करतला में 17, कटघोरा में 20 एवं जनपद पंचायत पाली में 41 आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत किये गये हैं। इनकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत हैं। आंगनबाड़ी भवन में बच्चों को सीखने,पढने के लिए एक पक्का हाल,रसोईघर,बाल अनुकूल शौचालय,खेलने के लिए मैदान भी विकसित किए जाएंगे। गौरतलब है कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों के अधिकांश बच्चे ऐसे घरों से होते हैं,जहाँ अल्प विकसित अवसरंचना होती है।

साफ़ सफाई का भी अभाव होता है। ये परिस्थितियां उनके शारीरिक, सामाजिक और मानसिक विकास को बाधित करती है। चूँकि समान अवसर हर बच्चे का अधिकार है। घर में विद्यमान कमियों को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी में समुचित और पर्याप्त सुविधाएँ उपलब्ध करायी जाती हैं।

# कांग्रेस का संभागीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पूनिया एआईसीसी सचिव एवं प्रदेश प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिती में हुआ संपन्न**

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस सदस्यता अभियान की रायपुर संभाग की समीक्षा तथा डिजिटल सदस्यता अभियान के लिये प्रशिक्षण का कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रायपुर संभाग के जिलाध्यक्षों तथा जिला प्रभारियों ने अपने जिलों में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान की तथा अभी तक कुल कितने सदस्य बनाये जा चुके है इसकी जानकारी दी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया ने सदस्यता अभियान की प्रगति पर संतोष जताते हुये कहा कि सभी को निश्चित समय में लक्ष्य को पूरा करना है। सदस्यता बुक के साथ-साथ डिजिटल सदस्यता पर भी गंभीरता से काम करना होगा। डिजिटल सदस्यता के माध्यम से की गयी। सदस्यता से हमें अपने नये सदस्यों का पूरा विवरण उनके सदस्य बनने के साथ प्राप्त हो जायेगा तथा उनसे संपर्क बनाने और पार्टी के कार्यक्रमों को उन तक पहुंचाने में ज्यादा आसानी होगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का ने कहा कि सदस्यता अभियान हमारा राष्ट्रीय कार्यक्रम है। छत्तीसगढ़ एआईसीसी के सभी कार्यक्रमों में लक्ष्य से ऊपर जाकर सहभागिता करता है। सदस्यता अभियान में हमें अपने बेहतरीन रिकार्ड को बना कर रखना होगा। डिजिटल युग हमारे नेता राजीव गांधी की देन है हमें इस माध्यम का पूरा उपयोग करना है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि सभी जिलाध्यक्ष और प्रभारियों को दिये गये लक्ष्य को हर हाल में पूरा करना है। जो लक्ष्य को पूरा नहीं करेंगे उसकी जवाबदेही भी सुनिश्चित की जायेगी। कुछ जिलों ने बेहतरीन परिणाम दिया है। उनका लक्ष्य भी पूर्णतः की ओर है। कुछ जिलों को और सुधार की जरूरत है। अभियान में तेजी लानी होगी। आप सब के सहयोग से ही हम तय लक्ष्य 10 लाख सदस्यता को जरूर पूरा करेंगे। पूरी तन्मयता के साथ संगठन काम हो रहा है ।हमारे 14900 से अधिक बूथों में हमारा सदस्यता अभियान शुरू है ।डिजिटल सदस्यता भी शुरू है ।सभी संभागों में हमारी डिजिटल सदस्यता गति पकड़ चुकी है। सभी बूथ कमेटियों में हम डिजिटल सदस्ता करेंगे। 15 फरवरी के बाद किताब की बजाय हम डिजिटल।

कार्यक्रमों को सांसद छाया वर्मा, राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने भी संबोधित किया। डिजिटल सदस्यता की ट्रेनिंग एआईसीसी से आये विशाल मीणा और आईटी सेल के अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला ने किया, आभार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अरूण ताम्रकार ने किया। इस कार्यक्रम में प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री पीयूष कोसरे, जिला प्रभारी पदाधिकारीगण रायपुर ग्रामीण राजेन्द्र साहू, महासमुंद कन्हैया अग्रवाल, धमतरी बीरेश ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बस्तर में बादल खुलते ही कड़ाके की ठंड शुरू

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में एक बार फिर अचानक मौसम में बदलाव आया है, बादल खुलने के साथ ही आज सुबह से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक शनिवार से उत्तरी हवा का आगमन पुनः प्रारंभ होने के कारण मौसम शुष्क रहने की संभावना है।








































## खास-खबर

### युवती से बात करने पर युवक ने मजदूर को बेल्ट से पीटा

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर के सकरी थाना क्षेत्र के युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक मजदूर की जमकर पिटाई कर दी। आरोपितों ने बेल्ट व लाठी से मारपीट की। जिससे मजदूर को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर सकरी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मारपीट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है। सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम पोडी निवासी राजू बिंझवार पिता पिता कार्तिक राम साहू (18) सकरी में मजदूरी का काम करते है। 10 दिन पूर्व से वे अपने चाचा धन्नु पटेल के साथ मजदूरी कार्य करने उसके ससुराल ग्राम घुरू आते थे। धन्ना के ससुराल घुरू में मकान निर्माण कार्य चल रहा है। दोनों वही रहकर मकान निर्माण में मजदूरी कार्य करते हैं। दो दिन पूर्व निर्माण कार्य के पास मोहल्ले की लड़की ने राजे के पास आई और सिम मांगने लगी। उन्होंने सिम नहीं होने की बात की। इसी बात को लेकर शुक्रवार को शाम 6.30 बजे शीतला मंदिर घुरू के पास हेमंत यादव ने राजू के पास आए और उस दिन लड़की से क्या बात कर रहा था, आज के बाद उससे बात नहीं करने की धमकी दी। आरोपिता ने गाली गलौच करते हुए फोन कर अपने दोस्त हरिशचंद यादव को बुला लिया। हरिशचंद और हेमंत के साथ मिलकर हाथ, मुक्का व बेल्ट से राजू की जमकर पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी देने लगे। मजदूर ने किसी तरह अपने जान बचाकर उस लड़की के पास गए और मारपीट की जानकारी दी। इसी दौान आरोपित हरिशचंद्र ने कूल्हाड़ी से मजदूर पर हमला कर दिया। मारपीट से मजदूर के पीठ पर गंभीर चोट के निशान पड़ गए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### राह भटके बुजुर्ग को डायल 112 ने स्वजन से मिलाया

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर जिले की डायल 112 की टीम ने राह भटके बुजुर्ग को सुरक्षित बरामद कर उनके स्वजन से मिलाया। बुजुर्ग भटक कर मस्तूरी के गतौरा पेट्रोल पंप तक पहुंच गए थे। वहां घंटों बैठे थे। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। अपने स्वजन से मिलकर बुजुर्ग के चहरे में खुशी आई। उन्होंने डायल 112 को धन्यवाद कहा। शुक्रवार की रात पुलिस की डायल 112 को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत गतौरा पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात बुजुर्ग भटककर बैठे हैं। 112 की टीम मौके पर पहुंची और बुजुर्ग से पूछताछ की। बुजुर्ग ने अपना नाम मनीराम साहू पिता स्व. गंगाराम साहू (60) ग्राम कोसमतरा थाना कुंडा जिला कवर्धा निवासी बताया। वे बिलासपुर सिम्स हास्पिटल में इलाज करवाने आया था। इलाज पूरा होने के बाद सिम्स के डाक्टरों ने 3 फरवरी को छुट्टी दे दी। सिम्स से निकलने के बाद वे गांव जाने का रास्ता से भटक गया। पैदल चलते-चलते गतौरा के तरफ पहुंच गए। पेट्रोल पंप के पास शांत बैठे मिले। वे किसी से बात नहीं कर रहे थे। डरे सहमे हुए थे। डायल 112 के कर्मचारियों ने सिम्स प्रबंधन से बुजुर्ग के बारे में जानकारी जुटाई। इस बीच पता चला कि बुजुर्ग मनीराम साहू की पत्नी विमला साहू चौकी के सामने फोटो चस्पा कर ढूंढ रही थी। मनीराम साहू के बेटा मनोज साहू को सूचना दी गई कि सिम्स पुलिस चौकी में आपके पिता मनीराम साहू को सुपुर्द सुरक्षार्थ रखे हैं। शनिवार को स्वजन सिम्स आकर अपने पिता से मिलने की बात की। इस कार्य में आरक्षक रमेश अंचल, चालक आनंद जोशी का सराहनीय योगदान रहा।

### लापता युवक का शिवनाथ नदी में मिला शव

# एनीकट में तैरता मिला शव, परिजन बोले- मानसिक हालत ठीक नहीं थी, बिना बताए गायब था

**भिलाई (ए)।** दुर्ग के बेलौदी शिवनाथ नदी एनीकट में डूबने से 30 साल के एक युवक की मौत हो गई। जब लोगों शव को पानी में उतराते हुए देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने गोताखोर की टीम को बुलवाया और शव को पानी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पीएम के लिए भेजा गया।



जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी निरीक्षक सीताराम ध्रुव ने बताया कि 5 फरवरी को उनके पास बेलौदी सरपंच का फोन आया था। उसने बताया कि शिवनाथ नदी के एनीकट में एक अज्ञात युवक का शव देखा गया है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और फिर दुर्ग SDRF की टीम को बुलवाया। टीम के लोगों ने नदी में उतर कर शव को बाहर निकलवाया। उसकी पहचान रोशन मांडले पिता गोवर्धन मांडले के रूप में हुई। इसके बाद शव को जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाकर परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

#### मानसिक रूप से बीमार था युवक

पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के दौरान उन्हें पता चला कि 3 फरवरी को कुछ लोगों ने 30 साल के युवक के लापता होने की शिकायत पुलगांव थाने में दर्ज कराई है। परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया तो उन्होंने शव की पहचान रोशन मांडले के रूप में की। उन्होंने बताया कि वह उसकी दिमागी हालात ठीक नहीं थी। उसका इलाज भी चल रहा था। वह इससे पहले भी कई बार बिना किसी को बताए घर से जा चुका था।

# मनचाही जगह पर वसूली के लिए रुपये मांगने वाला टीचर समेत दो गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** शिक्षा विभाग में मनचाहे जगह पर पोस्टिंग कराने के नाम पर 85 हजार रुपये वसूलने वाले शिक्षक और एक संकुल समन्वयक को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 18 हजार रुपये नकद जब्त किया है।



एसपी पारुल माथुर ने बताया कि बीते दिनों एक आडियो सामने आया था। इसमें शिक्षा विभाग में व्याख्याता के रूप में चयनित महिला की मनचाही जगह पर पोस्टिंग के लिए 85 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। आडियो के सामने आने पर आइजी रतनलाल डांगी ने एसपी पारुल माथुर को इसकी जांच के निर्देश दिए थे। इस पर एसपी ने एएसपी गरिमा द्विवेदी को जांच का जिम्मा सौंप दिया। एएसपी गरिमा द्विवेदी ने संदेही शिक्षक नंदकुमार साहू निवासी बंधवापारा से पूछताछ की। इसमें शिक्षक ने पहले तो आडियो में अपनी आवाज होने से साफ इंकार कर दिया। शिक्षक के मोबाइल की जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने पीड़ित महिला व्याख्याता के पति से बात की। इसमें कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली। बाद में महिला व्याख्याता के पति ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने शिक्षक नंदकुमार साहू और संकुल समन्वयक योगेश पांडेय निवासी गीतांजली सिटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

#### कई और अधिकारियों के भूमिका की हो रही जांच

मामले में एसपी पारुल माथुर ने बताया कि शिक्षक नंदकुमार और संकुल समन्वयक योगेश पांडेय से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है। इसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है। मामले में विभाग के अधिकारियों से भी जानकारी मांगी गई है।

# ऑनलाइन स्टडी के लिए बच्चों को दिया मोबाइल, अश्लील वीडियो देख 8 साल की मासूम से किया दुष्कर्म

**अंबिकापुर (ए)।** सरगुजा के अंबिकापुर में शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां एक 8 साल की मासूम से 6 बच्चों द्वारा ही दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। यही नहीं दुष्कर्म करने वाले बच्चे भी एक ही परिवार के हैं। दरअसल इन बच्चों के पैरंट्स ने इन्हें ऑनलाइन स्टडी के लिए मोबाइल फोन दिया था। जिसमें यह अश्लील वीडियो देखा करते थे। इस खौफनाक घटना को 6 से 13 साल तक के बच्चों ने अंजाम दिया।



पुलिस ने बताया कि संवेदनशील घटना के पीछे मोबाइल फोन और इंटरनेट सबसे बड़ी वजह है। पीड़ित मासूम जॉइंट फैमिली में रहती है। इसलिए परिवार के सभी बच्चे आपस में खेलते थे। इन बच्चों को पैरेंटस ने ऑनलाइन स्टडी के लिए मोबाइल दिए जाते थे। जिसका यह गलत इस्तेमाल कर रहे थे। अश्लील वीडियों देखकर इन बच्चों ने ऐसा घिनौना काम किया।

पुलिस ने बताया कि इनमें सबसे बड़े बच्चे की उम्र 13 वर्ष है। जो इंटरनेट पर पोर्न वीडियो देखता था और बाकी बच्चों को भी दिखाता था और ऐसे कृत्य के लिए उकसाता था। पुलिस ने बताया कि यह पूरा घटनाक्रम लगभग डेढ़ माह से चल रहा था। मासूम के पेट में दर्द हुआ तो इसका खुलासा हुआ। परिजन भी सकते में है कि आखिर बच्चों के बीच ऐसा कैसे हो सकता है। परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा है कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

#### पुलिस ने जब्त किया मोबाइल

पुलिस ने बच्चों के पास से मोबाइल फोन भी जब किया है। जिसमें अश्लील वीडियो मिले हैं। यह बच्चे इंटरनेट के जरिए पोर्न साइड का लिंक सर्च करते थे। वहीं पुलिस पूछताछ में परिजनों ने बताया कि बच्चों को मोबाइल ऑनलाइन स्टडी के लिए दिया था। पूरा मामला संयुक्त परिवार से जुड़ा होने के कारण परिवार वाले शिकायत करने के बाद शिकायत वापस लेना भी चाह रहे थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें संवेदनशील मामला कहकर वापस लौटा दिया है। फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# छतीसगढ़ हाई कोर्ट ने पारिवारिक पेंशन से वसूली पर रोक



**बिलासपुर ( ए )।** हाई कोर्ट ने मृत उच्च श्रेणी शिक्षक की बेवा से सेंट्रल बैंक द्वारा वसूली किए जाने पर रोक लगाई है। याचिकाकर्ता भारती देवी ठाकुर के पति राम सिंह ठाकुर उच्च वर्ग शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनका सात जनवरी 2013 को निधन हो गया। उनके निधन के बाद पत्नी भारती देवी को सेंट्रल बैंक सरायपाली शाखा के माध्यम से पारिवारिक पेंशन 29692 रुपये प्राप्त हो रही थी। जून 2021 से याचिकाकर्ता से 2,05930 अतिरिक्त भुगतान का वसूली आदेश जारी कर पेंशन से 9,896 रुपये वसूली की जाने लगी।

इसके खिलाफ उन्होंने अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका पेश की। बैंक की ओर से जवाब प्रस्तुत कर कहा गया कि याचिकाकर्ता को जनवरी 2020 से 29,692 रुपये पेंशन प्राप्त होनी था। फरवरी 2020 से सामान्य दर पर 17,815 रुपये मिलना था, किन्तु त्रुटि वश अधिक पेंशन मई 2021 तक भुगतान किया गया। अतिरिक्त भुगतान की वसूली की जा रही है। एकलपीठ ने बैंक की वसूली आदेश पर हस्तक्षेप से इन्कार करते हुए 5000 रुपये प्रतिमाह के दर से वसूल करने के निर्देश दिए।

इस आदेश के खिलाफ उन्होंने डीबी में रिट अपील प्रस्तुत की। अपील में कहा गया कि बैंक की गलती के लिए याचिकाकर्ता जिम्मेदार नहीं है। विधवा व तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से वसूली न्यायोचित नहीं है। पारिवारिक पेंशन से बैंक को वसूली का कोई अधिकार नही है। शासन के आदेश के बिना वसूली कार्रवाई नहीं की जा सकती। चीफ जस्टिस अरुप कुमार गोस्वामी व जस्टिस एनके चंद्रवंशी की डीबी ने वसूली पर आगामी आदेश तक रोक लगाते हुए बैंक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# सचिव उच्च शिक्षा को सेवानिवृत्त देयकों के संबंध में निर्णय लें: हाई कोर्ट

#### याचिकाकर्ता के आवेदन पर दो माह के अंदर निर्णय करने के दिए निर्देश

**बिलासपुर ( ए )।** हाई कोर्ट ने रिटायर्ड प्रोफेसर के सेवानिवृत्ति देयकों का भुगतान नहीं किये जाने को लेकर पेश याचिका में सचिव उच्च शिक्षा व आयुक्त उच्च शिक्षा को याचिकाकर्ता के आवेदन पर दो माह के अंदर निर्णय करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता राजेश चतुर्वेदी शासकीय पटेलश्वर कालेज मस्तूरी से प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुई हैं। इसके बाद उन्होंने जमा राशि के भुगतान के लिए विभाग को आवेदन दिया। इसके बाद भी जमा राशि का भुगतान नहीं करने पर उन्होंने अधिवक्ता दीपाली पांडेय के माध्यम से याचिका दाखिल की। जस्टिस संजय के अग्रवाल ने सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता को अभ्यावेदन देने व उच्च शिक्षा सचिव व आयुक्त उच्च शिक्षा को इस पर दो माह के अंदर नियमानुसार निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

#### कोंडागांव जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस

दस साल से भी अधिक समय से शिक्षा विभाग में काम कर रहे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के मामले में सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने कोंडागांव के जिला शिक्षा अधिकारी को अवमानना नोटिस जारी किया है। कोंडागांव जिले में माकड़ी विकासखंड के अंतर्गत गीता कोर्राम, सुशीला प्रधान, रीता पांडेय समेत अन्य शिक्षा विभाग के अंतर्गत दैनिक वेतनभोगी कार्यालय सहायक के रूप में कार्यरत थीं। 10 साल से भी अधिक समय से काम कर रही इन महिलओं को कोरोना काल में हटा दिया गया था। अपने अभ्यावेदन पर विचार न होने पर इन्हों हाई कोर्ट में अधिवक्ता अब्दुल वहाब के जरिये याचिका दायर की।

इसके बताया कि हम सबको हटाने के बाद बाहर से नए लोगों को लिया जा रहा है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद 15 जनवरी 2021 को एक आदेश जारी कर निर्धारित समय में इसका निराकरण करने निर्देश दिए थे। इसके बाद भी जब कुछ कार्रवाई नहीं हुई तो दोबारा डीईओ राजेश मिश्रा के खिलाफ अवमानना याचिका पेश हुई। सुनवाई के बाद जस्टिस पी सेम कोशी ने प्रतिवादी को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।


































## खास - खबर

### नेत्र सहायक अधिकारी अरुण सिंह हुए सम्मानित

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय के नेत्र विभाग में कार्यरत नेत्र सहायक अधिकारी अरुण सिंह को स्वास्थ विभाग के कांफ्रेंस हाल में जिला मलेरिया, टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग आरटीआई अधिकारी डॉ सीबीएस बंजारे, नोडल अधिकारी स्वास्थ विभाग सुगम सावंत मैडम, जीवन दीप समिति के कार्यकारिणी सदस्य और ओम सत्यम जन विकास समिति के सचिव दिलीप ठाकुर के द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर में विगत कई वर्षों से उल्लेखनीय कार्यों के योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनके इस सम्मान के लिए ओम सत्यम जन विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर,जीवन दीप समिति के कार्यकारिणी सदस्य दुष्यंत देवांगन, वरिष्ठ रेडियोग्राफर दिनेश्वर साहू एवं विभाग के चिकित्सक सहकर्मियों के द्वारा बधाई दी गई।

### 24 घंटे सेवा देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को मिले अतिरिक्त लाभ - असलम

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने शासकीय कार्यालयों में सप्ताह में पांच दिन कार्य दिवस के निर्णय का स्वागत किया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के 24 घंटे सेवा देने वाले कर्मचारियों को अतिरिक्त लाभ देने की मांग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से की गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अधिकारी कर्मचारियों के लिए 5 दिन कार्य दिवस और अशंदान प्राप्त कर्मचारियों को 4 प्रतिशत शासन से अशंदान दिए जाने का स्वागत किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ विभाग के कर्मचारी जो अति आवश्यक सेवा में आते है। जिनका पूरा अमला 24 घंटे आवश्यक सेवाओं के अतंर्गत आता है और जिनका 5 दिन कार्य दिवस नहीं है , उनका लिए विशेष आथिर्क पैकेज भी देने विचार विर्मश किया जाए। प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लागू हो चुकी घोषणा प्रदेश के सरकारी कार्यालय में कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए वास्तविक रूप से सौगात है और अधिकारी व कर्मचारियों को अपने परिवार में समय देने का अवसर भी मिलेगा किंतु स्वास्थ्य कर्मचारी जो विगत दो वर्षों से अनवरत सेवा प्रदान कर रहे जिनकी ड्यूटी 24 घंटे अनिवार्य है। ऐसे अधिकारी - कर्मचारी, चिकित्सक, स्टाफ नर्स , लैब टैक्नीशियन और फील्ड वर्कर्स को अन्य विभाग के जैसे 5 दिन करे या पूरे कार्य करने वाले विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को एक दिवस का अतिरिक्त आथिर्क लाभ दिया जाए।

### इंदिरा मार्केट स्टेशन रोड पर की कार्रवाई, सड़क को बाधित करने वाले व्यवसायियों को दी कड़ी चेतावनी

**दुर्ग।** नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर अतिक्रमण व उड़नदस्ता टीम ने आन शनिवार को इंदिरा मार्केट से स्टेशन रोड जाने वाले मुख्य मार्ग पर कार्रवाई की और सड़क मार्ग को बाधित कर व्यवसाय करने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए सड़क मार्ग से अपने सामान को हटाने की चेतावनी दी जिसके तहत निगम टीम सिटी मॉल भी पहुंचे और सड़क मार्ग पर सीडी बनाकर घर संसार सेल में जाने का रास्ता बनाने पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई और तत्काल सीढ़ी हटाने के निर्देश दिए इस मौके पर दुर्ग नगर निगम के उड़नदस्ता के प्रभारी शिव शर्मा ने बताया कि निगमायुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से सड़क बाधित करने वाले व्यापारियों को चेतावनी दी जा रही है उन्होंने कहा कि उनकी चेतावनी के बाद भी अगर व्यापारियों द्वारा अपने अतिक्रमण नहीं हटाए गए तो चालानी कार्रवाई कर दंडित किया जाएगा।

### भाजपा पार्षद दया सिंह की नेक पहल

# नौ कन्याओं के हाथों से कराया वार्ड कार्यालय का शुभारंभ

### बेटियों की सुरक्षा के लिए वार्ड में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे, पार्षद ने किया ऐलान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**- अब वार्डवासियों से ज्यादा करीब होंगे दया सिंह, हर समस्या का समाधान का किया वादा**

**- वार्डवासियों ने दया सिंह को दिया आशीर्वाद, कहा-हमें पार्षद नहीं, बेटा मिल गया**

भिलाई। भाजपा पार्षद दया सिंह अपने नेक कार्यों के लिए जाने जाते हैं। वो चाहे कोरोनाकाल में लोगों की मदद करना हो या फिर जरूरतमंद लोगों के लिए हर संभव मदद के लिए तैयार रहना। यही नहीं, उन्हें अपने क्षेत्र का मसीहा भी कहा जाता है।




बेटियों के प्रति उनका विशेष स्नेह रहा है। वार्ड में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान को पुरजोर तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। इसकी एक झलक आज फिर से वार्ड में देखने को मिली। लोग अपने कार्यालय का लोकार्पण अपने नेताओं से कराते हैं लेकिन आज दया सिंह ने इस मिथक को तोड़ते हुए एक संदेश दिया है कि जिनके लिए वार्ड का लोकार्पण हो रहा है, उनकी हाथों से क्यों न वार्ड का लोकार्पण कराया जाए। आज बसंत पंचमी के विशेष अवसर पर दया सिंह ने वार्ड की 9 कन्याओं के हाथों से वार्ड कार्यालय का शुभारंभ कराया।

9 कन्याओं ने दया सिंह को पद्भार ग्रहण कराया और उन्हें बेहतर काम करने के लिए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर दया सिंह ने वार्डवासियों से वादा किया कि उनकी सुरक्षा और उनके दायित्वों के लिए वे प्रतिबद्ध रहेंगे। इस मौके पर दया सिंह ने वार्ड के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का ऐलान किया। ताकि अपराध पर नियंत्रण लग सके। वार्ड में होने वाले अपराधों पर भी नकेल कसा जा सके।

#### वार्डवासियों ने दिया आशीर्वाद

नए कार्यालय के लोकार्पण के अवसर पर वार्ड-44 लक्ष्मीनगर वार्ड के रहवासी मौजूद रहे। सभी ने दया सिंह को बधाई दी और उन्हें बेहतर काम करने के लिए आशीर्वाद दिया।

#### सब काम होगा, हर संभव होगा प्रयासः दया

कार्यालय लोकार्पण के अवसर पर दया सिंह ने कहा कि, जनहित से जुड़े सारे काम होंगे। इसके लिए वे भरपूर प्रयास करेंगे। किसी प्रकार की कमी नहीं होगी। दया सिंह ने कहा कि, विकास कार्य को लेकर जो अपेक्षाएं हो, उस पर काम शुरू हो गया है। वार्डवासियों के आशीर्वाद से आने वाले दिनों में हम लक्ष्मीनारायण वार्ड को शहर का सबसे सुंदर वार्ड बनाएंगे।

#### स्कूल बैग, कॉपी-किताब और मास्क-सैनिटाइजर भी दिया

दया सिंह ने वार्ड कार्यालय का लोकार्पण करने वाली 9 कन्याओं को उपहार भी दिए। उपहार में स्कूल बैग, कॉपी-किताब और मास्क-सैनिटाइजर का वितरण किया गया। बेटियों से कहा कि, शिक्षा के क्षेत्र में सभी नए आयाम गढ़ें। मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता, वार्ड, शहर और देश का नाम रौशन करें। उपहार पाकर बच्चियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। यह देख सब गदगद हो गए।

## सुपेला अंडर ब्रिज निर्माण के दौरान नहीं हटाई जाएगी जेपी प्रतिमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रेलवे प्रशासन ने जेपी प्रतिष्ठान को लिखित पत्र भेज कर फैसले से कराया अवगत**

**भिलाई।** सुपेला में प्रस्तावित रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण के दौरान यहां 32 वर्षों से स्थापित भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा को हटाया नहीं जाएगा। इस संदर्भ में भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान की ओर से केंद्र व राज्य सरकार के समक्ष सख्त आपत्ति जताई गई थी। इसके बाद रेलवे प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। प्रतिष्ठान में रेलवे के इस निर्णय का स्वागत करते हुए केंद्र व राज्य सरकार का आभार जताया है।

उल्लेखनीय है कि सुपेला में अंडर ब्रिज का निर्माण होना है और इसके लिए पूर्व में रेलवे ने भिलाई स्टील प्लांट मैनेजमेंट और जिला प्रशासन के साथ मिलकर यहां 32 वर्षों से स्थापित भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा को विस्थापित करने का फैसला लिया था।

इस पूरे फैसले के दौरान प्रतिमा स्थापना के मुख्य संरक्षणकर्ता/पक्षकार भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान को कोई सूचना नहीं दी गई थी ना ही प्रतिष्ठान को विश्वास में लिया गया था। इसके बाद प्रतिष्ठान के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने आपत्ति जताते हुए केंद्र व राज्य सरकारों से पत्र व्यवहार किया जिसमें आरपी शर्मा ने प्रधानमंत्री, इस्पात मंत्री, रेल मंत्री, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ,गृह मंत्री, दुर्ग कलेक्टर व रेलवे डिवीजन के संबंधित अधिकारियों को विस्तार से पत्र लिख कर जानकारी दी थी कि यहां प्रतिमा का अनावरण तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने 1991 में किया था। आर पी शर्मा ने पत्र में भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की गरिमा को देखते हुए अंडर ब्रिज निर्माण की मांग उठाई थी। इसके बाद रेलवे प्रशासन ने सम्मानजनक हल निकालते हुए अध्यक्ष आरपी शर्मा को पत्र भेजा है जिसमें रेलवे के फैसले से अवगत कराया गया है। 20 जनवरी 2022 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर के उप मुख्य अभियंता निर्माण ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर को इस निर्णय की सूचना दी है। वहीं इस पत्र में कहा गया है कि-''भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा की गरिमा और श्री आरपी शर्मा की शिकायत के निराकरण को ध्यान में रखते हुए रेलवे और लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण मंडल ने प्रतिमा विस्थापन कार्य निरस्त करते हुए सुपेला में अंडर ब्रिज का कार्य पूरा करने का निर्णय लिया है।'' यह पत्र प्राप्त होने के बाद प्रतिष्ठान में रेलवे के इस फैसले पर संतोष जताया है। प्रतिष्ठान के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने सभी संबंधितों को पत्र लिखते हुए इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया है।

### वसंत पंचमी के मौके पर मां सरस्वती की पूजा कर नन्हें बच्चों का विद्यारंभ कराया गया

**दुर्ग ।** विद्यारंभ का यह सबसे शुभ दिन माना जाता है। मां दुर्गा मंदिर में माता के चरणों में बैठकर नए बच्चों ने कॉपी पर मां सरस्वती का जयकारा लिखकर विद्यार्जन की शुरूआत की। शहर के गंजपारा दुर्ग में स्थित मां दुर्गा मंदिर में आयोजित माता सरस्वती पूजन के अवसर पर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। हर वर्ग के लोग मां के मंदिर में मत्था टेकते देखे गए। छोटे बच्चों को गोद में लेकर कई अभिभावक विद्यारंभ कराने मंदिर पहुंचे थे। समित्ति द्वारा बच्चों के हाथ में कॉपी व पेंसिल देकर विद्यारंभ की विधि सम्पन्न कराई गई। सुबह मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना मन्दिर केमुख्य पुजारी पंडित सुनील पाण्डेय ने सम्पन्न कराई।

## वसंत पंचमी पर इंस्पायर चयनित साकेत का किया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मॉडल टाउन कि महिलाओं ने आज वसंत पंचमी के अवसर पर शिव मंदिर में सरस्वती पूजा का आयोजन किया। इस अवसर पर नव निर्वाचित पार्षद हरिओम तिवारी एवं इंस्पायर प्रोग्राम में चयनित साकेत सलारिया का सम्मान किया गया। श्री तिवारी ने साकेत को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उसे सफ्लता की शुभकामनाएं भी दी।

उल्लेखनीय है कि मार बेसिलियस विद्याभवन के 10वीं कक्षा के छात्र साकेत सलारिया के मॉडल का प्रस्ताव शासन के इंस्पायर कार्यक्रम के तहत किया गया है। शासन के सहयोग से पहले साकेत इसका स्टैटिक मॉडल बनाएगा। पुन: चयन होने पर इसका वर्किंग मॉडल बनाया जाएगा जिसे राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा।



छात्र साकेत इस अवसर पर अपने मॉडल रोवर के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मॉडल का निर्माण वे अपने भौतिकशास्त्र के व्याख्याता उपेन्द्र कुमार चंद्र के निर्देशन में करेंगे। उन्होंने अपनी माता पूजा एवं पिता प्रवीन्द्र सलारिया को अपनी प्रेरणा का स्त्रोत बताया। इस अवसर पर महिला समिति की शिल्पा पाटिल, अलका दास, पूजा सलारिया, रूपाली बिजवे, प्रियंका जायसवाल, ममता साहू, सुधा वर्मा, शीला, शिल्पी सिंह, स्वाति, बेला चौधरी, विभा, रमा, सुषमा, सरोज साहू, निर्मला, वैशाली काले सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं। पार्षद हरिओम तिवारी इस अवसर पर महिलाओं को उनकी उत्कृष्ट सोच पर बधाई दी तथा आगे भी इसी तरह के रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जितना भी संभव हो पाएगा, वे अच्छे कार्यों के लिए अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

## छग वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर की गई माँ सरस्वती की पूजा अर्चना

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय तथा गालिब मेमोरियल हायर सेकण्डरी स्कूल सेक्टर 6 में कोविड नियमों का पालन करते हुए संयुक्त रूप से बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालकगण आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, डॉ. मनीष जैन, श्रीमती पूनम पटेल महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जसबीर कौर एवं गालिब मेमोरियल हा.से. स्कूल की प्राचार्या गुणा लक्ष्मी ने मां सरस्वती की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किये और मां शारदे से ये प्रार्थना किये कि आज के इस युग में सभी पर अपनी ऐसी कृपा करे ताकि आज के बच्चे और युवा अपने शिक्षा के बल पर लगातार तरक्की करते हुए देश और दुनिया में अपने परिवार, नगर,प्रदेश के साथ ही देश का नाम रौशन करे। इस दौरान छ.ग.वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय के चेयरमने मो. ताहिर खान विशेष रूप से उपस्थित थे।

सरस्वती पूजा के इस अवसर पर महाविद्यालय और स्कूल के सभी स्टॉफ पीले परिधान में पहुंचे थे। महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं स्कूल के शिक्षकों ने इस अवसर पर सरस्वती वंदना प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय एवं विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक सुश्री आशा रानी, श्रीमती विद्या चोपड़े, श्रीमती नसीम बानो, भूभारती साहू, सुनील साकरकर, संजय सिंह, श्रीमती द्रोपती सिंह, गीता पाल, सी एच सौजन्या, शाजिया फिरदौस, शमशीर सिवानी, ताजुद्दीन, विक्रम पाठक, सूरज चतुर्वेदी, संजय शर्मा, श्रीमती रीना पाण्डेय, गुणा लक्ष्मी, गुलाब सिंह, सोबी नाज, श्रीमती रेणू सिंह,अंजुम खान,मेहरून निशा, श्रीमती नेहा खेड़कर, श्रीमती अंजली सहित छग वाणिज्य एंव विज्ञान महाविद्यालय एवं गालिब मेमोरियल हा.से.स्कूल के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### दो अलग अलग मामलों में बैटरी चोरी करने वाले नाबालिक सहित 2 गिरफ्तार

**भिलाई ।** भिलाई खुर्सीपार पुलिस ने दो अलंग-अलग मामलों में वाहनों की बैटरी चोरी करने वाले एक नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है । मिली जानकारी के अनुसार खुर्सीपार निवासी सूरज मौर्या पिता तापेश्वर मौर्या ने खुर्सीपार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपनी आटो क्रमांक सीजी 07 सीए 3614 को घर के सामने रात्रि मे खड़ी कर सोने चला गया था सुबह उठकर देखा तो आटो मे लगी बैटरी कीमत 2400 रूपये चोरी हो गया था। ऐसे ही एक अन्य मामलें में तीन फरवरी को खुर्सीपार के ही रहने वाले आशिक अली पिता हसन अली ने भी घर के सामने खड़ी अपनी सवारी आटो कमांक सीजी 07 ए एक्स 1457 से बैटरी चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। दोनों ही शिकायतों पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गयी थी। इसी दौरान रात्रि में बाबा बालकनाथ मंदिर के पास लावारिस हालत में मिली मोटर सायकल स्प्लेन्डर को थाना लाया गया मोटर सायकल के संबंध मे पूछताछ करने पर पता चला कि बाईक को प्रभजीत सिंह नामक युवक अपने एक नाबालिक के साथ बैटरी चोरी करने के लिए लेकर गया। जो पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी को देखकर अपनी मोटर सायकल छोड़कर भाग गया था।

### बीएसपी के 546 कार्मिक व अधिकारी नेहरू पुरस्कार से सम्मानित

# कार्यक्रम वर्चुअल है, परन्तु सम्मान एक्चुअल है-दासगुप्ता

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई के इस्पात बिरादरी के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है जब उनके उत्कृष्ट कार्यों को नेहरू अवार्ड से नवाजा गया। आज दिनांक 05 फरवरी, 2022 को वर्चुअल मोड में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नेहरू अवार्ड योजना के तहत कुल 3 वर्गों में संयंत्र के 546 कार्मिक व अधिकारियों को नेहरू अवार्ड से सम्मानित किया गया।






इस वर्चुअल समारोह में संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में जुड़े रहे। इसके अतिरिक्त इस वर्चुअल समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेषक (माइन्स एवं रावघाट), मानस बिस्वास, कार्यपालक निदेषक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ एस के इस्सर, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), के के सिंह, कार्यकारी कार्यपालक निदेषक (सामग्री प्रबंधन) तथा कार्यपालक निदेषक (परियोजनाएँ) ए के भट्टा, कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) डॉ ए के पंडा सहित संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधकगण व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा पुरस्कार विजेता शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), के के सिंह ने स्वागत उद्बोधन देते हुए पुरस्कारों की समग्र जानकारी प्रस्तुत की।

विदित हो कि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का नेहरू अवार्ड योजना सबसे पुरानी व ऐतिहासिक योजना है जहां हम कर्मचारियों व अधिकारियों के उत्कृष्ट निष्पादन को पुरस्कृत व सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार 3 वर्गों में प्रदान किया जाता है। इसमें जवाहर अवार्ड, जो कि अधिकारियों को उनके व्यक्तिगत योगदान के लिये प्रदान किया जाता है जिसके तहत पुरस्कृत होने वाले अधिकारी को 8000 रूपये व प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में नेहरू अवार्ड, जो कि कर्मचारियों को उनके व्यक्तिगत योगदान के लिये प्रदान किया जाता है जिसके तहत पुरस्कृत होने वाले कर्मचारी को 6000 रूपये व प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में जवाहर लाल नेहरू समूह पुरस्कार, जो कि कर्मचारियों व अधिकारियों की टीम को उनके सामूहिक योगदान के लिये प्रदान किया जाता है जिसके तहत पुरस्कृत होने वाले अधिकारी को 2000 रूपये प्रति व्यक्ति व प्रत्येक को प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष नेहरू अवार्ड योजना के तहत 34 अधिकारियों को जवाहर पुरस्कार, 61 कर्मचारियों को नेहरू पुरस्कार तथा 57 समूहों में कुल 451 कार्मिकों व अधिकारियों को जवाहर लाल नेहरू समूह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसके तहत कुल 15 लाख से अधिक की राषि का वितरण किया गया। इस समारोह में संयंत्र के इस वित्त वर्ष की उपलब्धियों व कीर्तिमानों का उल्लेख करते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा निर्मित लघु फिल्म विजेता का प्रदर्षन किया गया।

जिसे लोगों ने बेहद सराहा। इस अवसर पर संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने प्रेरणादायी व सारगर्भित उद्बोधन में सभी विभागों तथा समस्त पुरस्कार विजेताओं के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि मैं आज सम्मानित होने वाले सभी कार्मिक व अधिकारियों को बधाई देता हूं। साथ ही मैं उन सभी विभागों को भी बधाई देता हूं जिन्होंने हमारे कर्मवीरों को इस पुरस्कार हेतु अनुषंसित किया है। बल्कि इसमें हमारी टीम के प्रत्येक सदस्य तथा हमारे परिवार के प्रत्येक सदस्य का योगदान होता है। विजेता परिवारों के सदस्यों को भी बधाई देता हूं जिनके सहयोग के कारण ही आप इतना बेहतरीन योगदान दे पाये हैं।

## राहुल के बयान से भाजपा की दोमुंही नीतियों का पर्दाफाश : राजेंद्र साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

भाजपा ने देश को जाति-धर्म के आधार पर बांटकर राजनीति की : अब अमीरों को अमीर और गरीबों को गरीब बनाने की राजनीति कर रहे

दुर्ग। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के बयान से भाजपा की दोमुंही नीति का पर्दाफाश होने के कारण भाजपा नेता बौखला गए हैं और राहुल गांधी के बयान को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।

राजेंद्र ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने हमेशा से जाति-धर्म के आधार पर देश को बांटने की राजनीति की है। केंद्र में सत्ता मिलने के बाद भाजपा ने अब जाति-धर्म के साथ ही देश को अमीर और गरीब के नाम पर बांटना शुरू कर दिया है। राजेंद्र ने कहा कि राहुल गांधी ने स्पष्ट बयान दिया है कि बीजेपी देश को दो भागों में बांटने का काम कर रही है। राहुल गांधी का इशारा साफहै। भाजपा की केंद्र सरकार अमीरों को और अमीर बना रही है जबकि गरीबों को और ज्यादा गरीब बनाया जा रहा है। राहुल गांधी ने इसी आधार पर देश को दो भागों में बांटने संबंधी बयान दिया है, जिसे भाजपा नेता तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।

राजेंद्र ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने औद्योगिक घरानों और पूंजीपतियों को बढ़ावा दिया है। वहीं किसानों, मजदूरों, बेरोजगार युवाओं और महिलाओं के हित में कोई फैसला नहीं किया। किसानों को उनकी उपज का सही दाम तक नहीं दिया जा रहा है। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा और महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने वाले सांसदों, विधायकों को संरक्षण दिया जा रहा है। भाजपा सरकार अमीरों को बढ़ावा देकर अन्य वर्गों को दबाने-कुचलने का प्रयास कर रही है।

राजेंद्र ने कहा कि जिस तरह पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के हजारों करोड़ के लोन माफ किये जा रहे हैं और तमाम रियायतें दी जा रही है, वैसी रियायतें गरीबों, मजदूरों, किसानों और बेरोजगार युवाओं को नहीं मिल रही हैं। केंद्र सरकार के साढ़े सात साल के कार्यकाल में भाजपा देश चलाने में पूरी तरह विफल रहने के बाद भाजपा नेता राहुल गांधी के बयान को जानबूझकर विवादित बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

राजेंद्र ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार गरीबों का हित नहीं चाहती। किसानों की आय दुगुना नहीं करना चाहती। युवाओं को रोजगार नहीं देना चाहते। महिलाओं को सुरक्षा नहीं देना चाहते। पिछले साढ़े सात साल से लगातार वादाखिलाफी करने और देश की जनता को झांसा देने वाले भाजपा नेताओं को ऐसे बयानों से कोई फायदा नहीं होगा। आम जनता भाजपा की झांसा देने वाली राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950